दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 21 मई 2025 कृष्ण पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 41 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

चाचा चौधरी बोले तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उन चंद लोगों में से एक है जो एड़ा बनकर पेड़ा खाते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अस्थाई संघर्ष विराम का श्रेय लुटने के लिए नहीं बल्कि भारत में व्यर्थ का बवाल खड़ा करने के लिए उन्होंने गलत बयानी की थी। उन्हें पता है कि वे कहेंगे कि कौआ कान काटकर ले गया है तो भारत का विपक्ष कान नहीं देखेगा बल्कि कौंए के पीछे लठ लेकर दौड़ेगा। वहीं हुआ। बाद में ट्रंप ने अपने बयान से पलटी मार दी। डोनाल्ड ट्रंप की इस शातिर चालबाजी से सावधान रहने की जरूरत है।

सब गोलमाल है...एक ही भवन में दो स्कूल, सुबह आत्मानंद दोपहर बाद पीएमश्री

नवप्रदेश की ग्राउंड रिपोर्ट : पीएमश्री स्कूल योजना का बेड़ागर्क करने में तुले हैं कर्ताधर्ता

■ पेज 12 पर विस्तार से पढ़े

■ पीएमश्री स्कूल 341

■ शालाओं को 2-2 करोड़ रुपए की राशि

■ पीएमश्री योजना में शामिल स्कूल चढ़ गए भ्रष्टाचार की भेंट
■ पीएम के मायने ही बदलकर बना दिए पर्सनल मैनेजमेंट
■ प्रथम चरण के अपग्रेड स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं ध्वस्त
■ जहां अपग्रेड होना है वहां, संसाधनों और शिक्षकों की कमी
■ राशि स्वीकृत होने के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम श्री योजना के तहत शालाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूलों को मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित करना है। यहां छत्तीसगढ़ में 341 पीएम श्री स्कूलों की स्वीकृति मिली है। लेकिन इस योजना को परवान चढ़ा पाने में शिक्षा विभाग नाकाम साबित हो रहा है। पीएमश्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेशभर में 341 पीएमश्री स्कूलों की स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ 341 स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए पीएम श्री योजना में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा था, यह हर्ष का विषय है कि पीएम मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और इस दिशा में लगातार नए फैसले ले रहे हैं। पर धरातल स्तर में पीएम श्री स्कूलों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया धीम है, या जो शामिल हो चुके हैं, उसे जिम्मेदार पीएम श्री की मूल भावना के अनरूप नहीं ढाल पाए हैं।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि

परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन का निधन

चेन्नई (वार्ता)। परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डॉ. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितंबर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था। वर्ष 1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महान परमाणु वैज्ञानिक और डॉ होमी भाभा के सानिध्य में कैरियर की शुरुआत करने वाले महान परमाणु वैज्ञानिक और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ एम आर श्रीनिवासन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के ऊटी में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

नई दिल्ली (ए.)। दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था।

खुफिया ब्यूरो तपन कुमार डेका को एक वर्ष का विस्तार मिला

नई दिल्ली (ए.)। भारत सरकार ने खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन कुमार डेका का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। अब वे 30 जून 2025 तक इस पद पर बने रहेंगे। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया है। तपन कुमार डेका 1988 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। वे जून 2022 में आईबी के निदेशक नियुक्त हुए थे। उनका कार्यकाल 30 जून 2024 को समाप्त होने वाला था, जिसे अब एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

दुर्ग-भिलाई, महासमुंद समेत कई जिलों में एसीबी और ईओडब्ल्यू टीम की छापेमारी

■ 20 से ज्यादा जगहों पर दबिश, दुर्ग-भिलाई में 22 जगहों पर चल रही है कार्रवाई

दुर्ग-भिलाई/ महासमुंद/ घमतरी/ रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने प्रदेश के कई जिलों में छापेमारी की है। दुर्ग-भिलाई, महासमुंद, धमतरी, रायपुर समेत 20 से ज्यादा जगहों पर टीम ने दबिश दी है। बताया जाता है कि दुर्ग-भिलाई में 22 जगहों पर कार्रवाई चल रही है। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीमें चार गाड़ियों में मंगलवार सुबह पांच बजे भिलाई पहुंची। महासमुंद जिले के सांकरा और बसना में भी छापेमारी चल रही है। सबसे बड़ी कार्रवाई भिलाई में ही चल रही है। प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री रह चुके कवासी लखमा के करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है। टीम कागजों की जांच-पड़ताल कर रही है। इस छापेमारी से पूरे प्रदेशभर में हड़कंप मचा हुआ है। टीम जगह-जगह पहुंचकर छापेमारी कर रही है।

अग्रवाल के घर ईओडब्लू की दबिश

महासमुंद जिले के सांकरा में किराना व्यवसायी कैलाश अग्रवाल और बसना में एलआईसी एजेंट जय भगवान अग्रवाल के यहां ईओडब्लू की दबिश है। शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने दोनों व्यवसायी के घर टीम पहुंची है। चार वाहनों में करीब 20 सदस्यीय टीम रिकॉर्ड खंगालने के लिए पहुंची है। जय भगवान अग्रवाल भिलाई के पप्पू बंसल के रिश्तेदार बताये जा रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी ने 3 हजार 841 पन्ने का चालान पेश किया

दो हजार करोड़ के शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने 13 मार्च को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में 3 हजार 841 पन्नों का चालान दाखिल किया है। इसमें जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित 21 लोगों को आरोपियों के नाम हैं। इन आरोपियों में रायपुर के पर्व मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, वेलकम डिस्टलरी, टॉप सिक्योरिटी, ओम साईं ब्रेवेरेज, दिशिता वेंचर, नेस्ट जेन पावर, भाटिया वाइन मर्चेंट और सिद्धार्थ सिंघानिया सहित अन्य 21 लोगों के नाम शामिल हैं।

धमतरी में भी छापा

उधर, धमतरी जिले में अशोक अग्रवाल के दामाद सौरभ अग्रवाल के यहां भी एसीबी की टीम पहुंची हैं। बैंक के कागजातों की छानबीन कर रही है। चर्चा है कि यहां पर आठ अधिकारियों की टीम पहुंची हुई है। अग्रवाल पर शराब के रुपये से करोड़ों की जमीन खरीदने का आरोप लगा है।

तीन दिन पहले भी रेड

17 मई शनिवार की एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। राजधानी रायपुर, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, सुकमा, तोंगपाल और जगदलपुर समेत लगभग 15 ठिकानों पर ईओडलब्यू की टीम ने दबिश दी थी। सुकमा जिला मुख्यालय में चार ठिकानों पर रेड कार्रवाई की गई थी।

घोटाले से जुड़े कारोबारियों के यहां पहुंची टीम

दुर्ग-भिलाई में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम शराब घोटाले से जुड़े कारोबारियों के यहां पहुंची है। भिलाई के आम्रपाली अपार्टमेंट में अशोक अग्रवाल की फेब्रीकेशन और अन्य चीजों की फैक्ट्री है। अशोक अग्रवाल पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी हैं। उन पर लखमा के साथ मिलकर शराब घोटाले को अंजाम देने का आरोप है। इसके अलावा एसके केजरीवाल, नेहरू नगर भिलाई, विनय अग्रवाल, खुर्सीपार, संजय गोयल, डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल, नेहरू नगर, विश्वास गुप्ता बिल्डर, दुर्ग, बंसी अग्रवाल, नेहरू नगर भिलाई, आशीष गुप्ता, डायरेक्टर, आशीष इंटरनेशनल होटल सुपेला, नेहरू नगर स्थित घर में कार्रवाई जारी है।

स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता पर निर्भर : मोदी

नई दिल्ली (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी ने जेनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल विश्व स्वास्थ्य सभा का विषय स्वास्थ्य के लिए एक विश्व है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण से मिलता जुलता है। जब मैंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो मैंने एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है।

उन्होंने कहा कि हमारी आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें 580 मिलियन लोग शामिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोविड पर सतर्क है केन्द्र सरकार

नयी दिल्ली (वार्ता)। सिंगापुर और हांगकांग में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश में अत्यधिक सतर्कता बरत रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय में कोविड संक्रमण के मामलों से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार सतर्कता बरत रही है।

वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक : गुटेरेस

जिनेवा /नई दिल्ली (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है।

वेबसाइट हैकिंग और देश विरोधी संदेश फैलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

■ गुजरात एटीएस की बड़ी कार्रवाई

अहमदाबाद(ए.)। गुजरात में दो युवकों को वेबसाइट हैकिंग और देश विरोधी संदेश फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हैकर्स भारत की वेबसाइट पर हमला कर रहे हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी कई बार ऐसी ही जानकारी मिली कि देशविरोधी तत्व लगातार भारत की वेबसाइटों को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं।

फोरेंसिक लैब भेजे गए आरोपियों के मोबाइल फोन: उन्होंने बताया कि एटीएस की टीम ने जांच शुरू की और दोनों के मोबाइल फोन फॉरेंसिक लैब (एफएसएल) भेजे गए। जांच में पता चला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टेलीग्राम पर शेयर करते थे हैक वेबसाइट के स्क्रीनशॉट

उन्होंने बताया कि गुजरात एटीएस के निरीक्षक ध्रुव प्रजापति को इनपुट मिला कि नडियाद निवासी जसीम शाहनवाज अंसारी और एक नाबालिग लड़का मिलकर 'AnonSec' नाम का टेलीग्राम चैनल चला रहे हैं। इस चैनल पर वे हैक की गई वेबसाइट के सबूत और स्क्रीनशॉट शेयर करते थे।

आज से संसदीय दलों की विदेश यात्रा

नई दिल्ली (वार्ता)। पहलगाम आतंकवादी हमले एवं ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष बैजयंत पाण्डा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असदुद्दीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे।

ज्योति विदेश यात्राओं पर जाने से पहले करती थी पूरा होमवर्क

पता नहीं कब तक रहेंगी सरहदों की दूरियां

■ ज्योति की डायरी में पाकिस्तान पर बड़ा खुलासा

नई दिल्ली/ए.। ज्योति मल्होत्रा के घर से मिली डायरी में लिखे संस्मरण और मन की बातों से पता चलता है कि वह किसी भी जगह जाने से पहले पूरा होमवर्क करती थी। देश-विदेश से संबंधित सभी तरह की जानकारी अपनी डायरी में नोट करके रखती थी। इस डायरी के करीब 10 पन्नों पर इसी तरह के नोट्स बनाए गए हैं। तीन पेजों पर पाकिस्तान यात्रा का जिक्र है। आठ पेजों पर अंग्रेजी में लिखा है, जबकि पाकिस्तान के बारे में तीनों पेज पर हिंदी में लिखा है। साल 2012 के कैलेंडर को दर्शाती इस डायरी के पीले रंग के पन्नों पर ज्योति ने मन की भावनाएं भी उकेरी हैं। यात्रा के दौरान जो सूचनाएं जुटाई, यात्रा पर जाने से लेकर आने तक, जो भी अनुभव रहे, उन्हें इस डायरी में साझा किया है। ज्योति ने पाकिस्तान को लेकर लिखा है... पाकिस्तान से 10 दिन का सफर तय करके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनआईए ने ज्योति 7 घंटे की पूछताछ

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने करीब सात घंटे तक पूछताछ की। एजेंसी की टीम उससे पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े लिंक खंगालने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में उससे कई सवाल किए। पहलगाम की घटना के दौरान वह कहां थी और जनवरी में पहलगाम जाने का क्या मकसद था। इस बारे में एजेंसी ने सवाल किए। एनआईए की टीम ज्योति मल्होत्रा के महज दो साल में तीन बार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुसासन -तिहार... मुख्यमंत्री ने मुंगेली जिला ग्रंथालय में किया अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

शिक्षा ही जीवन की असली पूंजी: सीएम साय

■ निर्माणाधीन महतारी सदन का लिया जायजा, पानी से की तराई

■ अछोटी, मुरमुंदा में योजनाओं का निरीक्षण एवं लोकार्पण

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिक्षा ही जीवन की असली पूंजी है। इसके बिना जीवन अधूरा है। यह न केवल रोजगार का माध्यम है, बल्कि समग्र विकास का आधार भी है। वे आज सवेरे मुंगेली जिला मुख्यालय में जिला ग्रंथालय में 29.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

परिश्रम को मूल बनाएं

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए आदर्श विद्यार्थी के पाँच गुण काक चेष्टा बको ध्यानं, श्वान निद्रा तथैव च। अल्पाहारी गृहत्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित, मेहनती और लक्ष्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री साय अचानक पहुंचे अछोटी

राज्य सरकार द्वारा सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अछोटी का औचक दौरा किया।

सामुदायिक संवाद का केंद्र बनेगा

ग्राम अछोटी में मुख्यमंत्री साय हेलीकॉप्टर से अचानक पहुंचे और डायट कॉलेज परिसर में 29 लाख 20 हजार रुपये की लागत से निर्माणाधीन महतारी सदन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

सिविल जज बनने के लिए तीन साल बतौर वकील प्रैक्टिस जरूरी

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि सिविल जज जूनियर डिविजन के पद के लिए उम्मीदवार अब सीधे परीक्षा पास कर नियुक्त नहीं हो सकेंगे और उन्हें तीन साल कम से कम बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि देखा गया है कि जो नए कानून स्नातक न्यायपालिका में नियुक्त होते हैं, उनके चलते कई समस्याएं हुई हैं। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को न्यायपालिका में दाखिल होने के लिए कम से कम तीन साल बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी होगा।

अदालती कामकाज का अनुभव मिलना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देश की न्यायिक व्यवस्था पर दूरगामी असर पड़ेगा। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि न्यायिक व्यवस्था में आने से पहले अदालत का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीसीआई की स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका : वित्त मंत्री

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना न केवल आर्थिक, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है और इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 16वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा दक्षता और इनोवेशन को बढ़ावा देती है और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाती है।

उन्होंने कहा, "इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण है। एकाधिकार वाले माहौल में विकसित होने की कोई जल्दी नहीं होती। जबकि, प्रतिस्पर्धा के साथ, पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है।" वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, फ्री और फेयर ट्रेड मार्केट यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी सिंगल प्लेयर रिसोर्सेज पर अपना एकाधिकार न बना ले, विकल्पों को न छिपा सके और प्राइस को ज्यादा न बढ़ा सके।

वित्त मंत्री सीतारमण ने जोर देते हुए कहा, "यह आवश्यक है कि रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, कठोर निगरानी बनाए रखते हुए, ऐसे संयोजनों के लिए तेज और निर्बाध मंजूरी की सुविधा भी प्रदान करें, जो प्रतिस्पर्धा को कोई नुकसान न पहुंचाएं।" पारंपरिक चुनौतियों के अलावा, हाल के वर्षों में नई चुनौतियों का उदय हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकें बाजार की शक्ति, पारदर्शिता, डेटा एक्सेस, एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रहों और प्रतिस्पर्धी नुकसान के दायरे को लेकर सवाल उठाती हैं।

वित्त मंत्री ने कहा, "इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए 'न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य' के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।"

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के पास अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य

उन्होंने कहा, "इससे हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होता है।" वित्त मंत्री ने कहा, "भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य हैं: पहला बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और तीसरा प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली प्रथाओं को रोकना।" आज की परस्पर जुड़ी हुई और तेज गति वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था में, विनियामक मंजूरी में देरी से अनिश्चितता पैदा हो सकती है, वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है और संभावित रूप से लेनदेन के इच्छित मूल्य में कमी आ सकती है।

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार, छगन भुजबल ने मंत्री पद की शपथ ली

मुंबई(आईएएनएस)। वरिष्ठ एनसीपी नेता और समता परिषद के संस्थापक छगन भुजबल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को एक समारोह में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार, मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों और एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में हुआ। समारोह के बाद भुजबल ने कहा, ÷मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ-साथ सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल का भी आभार व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोगों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों, समता परिषद के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त करता हूं। मैं उन सभी का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अब तक मुझे प्यार और स्नेह दिया है। भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग मिलने की उम्मीद है, उन्होंने इससे पहले इस विभाग की जिम्मेदारी उद्धव ठाकरे और फिर एकनाथ शिंदे (2019-24) के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों में उठाई थी। भुजबल तब काफी समय से नाराज चल रहे थे। दरअसल, 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, लेकिन मंत्री पद नहीं दिया था। आहत भुजबल ने पार्टी नेतृत्व के समक्ष अपनी नाराजगी खुले तौर पर जाहिर की थी और कहा था कि पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के ओबीसी मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने के बावजूद उनके बारे में विचार नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के कई कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी, लेकिन पार्टी अध्यक्ष अजित पवार और कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने संगठनात्मक कार्यों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। इसके अलावा, दो बार राज्यसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में उनके नामांकन पर विचार न किए जाने से भी वे नाराज थे।



पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास नहीं रहा : सीएम योगी

कासगंज(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कासगंज में 724 करोड़ रुपए की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया। इसे बनाने में योगी सरकार ने 191 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज के पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस के आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। 191 करोड़ रुपए की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस 1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिसकर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को यमराज का इंतजार करना पड़ता है।

'हर जिले में नियुक्त करें संरक्षण अधिकारी..' : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त करें। सरक्षण अधिकारी का काम घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सत्येश चंद्र शर्मा की बेंच ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और महिला एव बाल/समाज कल्याण विभागों के सचिवों को निर्देश दिया कि वे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अधिकारियों की संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्ति सुनिश्चित करें। शीर्ष कोर्ट ने कहा, 'वे अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अधिनियम के तहत सेवाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे और धारा 11 के तहत अपने दायित्वों को निभाने के लिए कदम उठाएंगे।' बेंच ने निर्देश दिया कि जहां संरक्षण अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां यह प्रक्रिया छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवा प्रदाता, सहायता समूह और आश्रय गृह पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध हों। राज्य इस उद्देश्य के लिए आश्रय गृहों की पहचान भी करेंगे।

भाजपा का राहुल गांधी पर करारा हमला
'कितने पाकिस्तानी जेट गिराए? यह क्यों नहीं पूछ रहे'

नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बार बार विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान पर उठाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी घिरते जा रहे हैं। अब भाजपा ने उन पर तंज कसा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि राहुल पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। वे यह क्यों नहीं पूछ रहे कि हमने पाकिस्तान के कितने फाइटर जेट मार गिराए। राहुल यह भी बताएं कि उन्होंने ऐसे सफल ऑपरेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई क्यों नहीं दी।

राहुल ने क्या कहा था?

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब उस पर राजनीतिक बयानबाजी जोड़ पकड़ने लगी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की एक टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर नए आरोप लगाए गए हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि हमारे हमले से पहले पाकिस्तान को इसकी जानकारी देना एक अपराध था। राहुल गांधी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। राहुल ने सवाल किया है कि ऐसा करने के लिए किसने अधिकृत किया और इसके कारण हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?

विदेश मंत्री जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कही थी यह बात

दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बात हुए जयशंकर ने कहा था, 'यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे।'

भाजपा का पलटवार

भाजपा ने लगातार दूसरे दिन राहुल पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, 'यह आश्चर्य की बात नहीं है कि राहुल गांधी पाकिस्तान और उसके हितैषियों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई तक नहीं दी। ऑपरेशन स्पष्ट रूप से भारत की ताकत को दर्शाता है। इसके बजाय वे बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने जेट खो दिए। एक सवाल जो पहले ही DGMO ब्रीफिंग में भी उठाया जा चुका है। मजे की बात यह है कि उन्होंने एक बार भी यह नहीं पूछा कि संघर्ष के दौरान कितने पाकिस्तानी जेट मार गिराए गए या भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी एयरबेस पर बमबारी के दौरान कितने विमान अपने हैंगर में खड़े रहते हुए नष्ट हो गए। राहुल गांधी के लिए आगे क्या है? निशान-ए-पाकिस्तान?

ऑपरेशन सिंदूर को बताया 'छोटा सा युद्ध' : खरगे

विजयनगर। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। केंद्र सरकार ने पर्यटकों से पहलगाम न जाने के लिए क्यों नहीं कहा? अगर उन्हें बताया गया होता, तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। ऑपरेशन सिंदूर तो छोटा सा युद्ध है।

राहुल गांधी को बीजेपी नेता ने बताया 'मीर जाफर','मिलेगा निशान-ए-पाकिस्तान'

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बावजूद अभी तक तनाव बना हुआ है. इस बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है. अमित मालवीय ने कहा कि राहुल को निशान-ए-पाकिस्तान मिलना चाहिए. राहुल ने हाल ही में बीजेपी और केंद्र सरकार को घेरते हुए ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सवाल किए थे. उन्होंने पूछा था कि हमने कितने विमान गंवाए हैं. अमित मालवीय ने काफी आक्रामक अंदाज में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है. उन्होंने एक्स पर एक ग्राफिक शेयर किया है. बीजेपी नेता ने इसके कैप्शन में लिखा, ''राहुल गांधी नए मीर जाफर हैं।'' उन्होंने एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा, ''इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं. वे बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने जेट गंवाए हैं, हैरानी की बात है कि उन्होंने एक बार भी नहीं पूछा कि हमने कितने पाकिस्तानी जेट मार गिराए गए या भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर हमले के दौरान उनके हैंगर में कितने जेट तबाह किए. क्या अब राहुल गांधी को 'निशान-ए-पाकिस्तान' मिलेगा।''

कांग्रेस नेता उदित राज का पलटवार

कांग्रेस नेता ने उदित राज ने अमित मालवीय की एक्स पोस्ट पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा, ''मसूद अजहर को बचाने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को 'निशान-ए-पाकिस्तान' देना चाहिए। देश के खिलाफ षड्यंत्र करने के अपराध में विदेश मंत्री एस जयशंकर को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''निशान-ए-पाकिस्तान तो सबसे पहले मोरारजी देसाई को दिया गया था, जिसका जनसंघ और भाजपा के नेता भी समर्थन कर रहे थे. मोदी जी बिना बुलाए पकिस्तान चले गए थे, उस पर भी बात होनी चाहिए।''

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चर्चा सफल रही: पीयूष गोयल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा करने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ उनकी बातचीत सफल रही। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बातचीत अच्छी रही। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। विकास और जनसांख्यिकी के आउटलुक को देखते हुए भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने आकर्षक अवसर पेश करता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने संवाददाताओं से कहा, ÷भारत की विकास दर को देखते हुए, अगले 25-30 वर्षों में एक बड़ी, महत्वाकांक्षी, युवा आबादी वस्तुओं और सेवाओं की मांग में इजाफा करेगी। हमारा मानना ??है कि अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता करने के लिए भारत एक आकर्षक अवसर पेश करता है। अगर दोनों देश टैरिफ कम करने पर एक समझौते करते हैं तो इससे अमेरिका और भारत के बीच व्यापार में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री की हाल ही में वाशिंगटन, डीसी की यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान में 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश की है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि स्पष्ट सफलता के बावजूद वे व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने को लेकर जल्दी में नहीं हैं।

'हमसे जो हो सकता है, हम कर रहे', ट्रंप ने व्लादिमीर पुतिन को बताया सज्जन व्यक्ति

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात की, जिसमें युद्धविराम को लेकर चर्चा की गई। मंगलवार को केनेडी सेंटर बोर्ड डिनर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की और उन्हें सज्जन व्यक्ति बताया।

रूस-यूक्रेन युद्ध में हर सप्ताह पांच हजार सैनिकों के मारे जाने का दावा

ट्रंप ने कहा कि 'एक दिन पहले ही मेरी एक सज्जन व्यक्ति जिनका नाम व्लादिमीर पुतिन है, उनसे बात हुई है। हमारे बीच अच्छी बातचीत हुई और बातचीत में थोड़ी बहुत तरक्की भी हुई है।' रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हर सप्ताह पांच हजार युवा सैनिक मारे जा रहे हैं।

ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध को नरसंहार बताया और कहा कि 'क्या आप यकीन कर सकते हैं? पांच हजार! ये आंकड़े और भी ज्यादा हो सकते हैं क्योंकि हमलों में आम नागरिक भी मारे जा रहे हैं। हम इसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं और जो हम कर सकते हैं कर रहे हैं।'

ट्रंप ने कहा कि 'मैंने सैटेलाइट तस्वीरें देखी हैं, जिनमें तबाही दिखाई दे रही है।' ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध के लिए पिछली बाइडन सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि ये सब पिछली सरकार में हुआ और उन्होंने ये होने दिया। ट्रंप ने कहा कि वैसे तो रूस-यूक्रेन युद्ध से अमेरिका का कोई वास्ता नहीं है फिर भी हम लड़ाई रुकवाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह पश्चिम एशिया में चल रही लड़ाई भी अमेरिका की नहीं है, लेकिन फिर भी हम कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने अपने पश्चिम एशियाई दौरे को बेहद सफल बताया, जहां उन्होंने 1.5 खबर डॉलर के सौदे किए।

एसीबी ने की आईएस विनय चौबे से पूछताछ, छत्तीसगढ़ से जुड़ा हैं शराब घोटाले में गड़बड़ी का मामला

रांची/रायपुर (नवप्रदेश)। झारखंड में शराब घोटाले में एफआईआर दर्ज करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आईएएस और तत्कालीन एक्साइज सेक्रेटरी विनय कुमार चौबे से पूछताछ शुरू की है। मंगलवार को एसीबी की टीम उनके आवास पर पहुंची और इसके बाद उन्हें अपने साथ कार्यालय लेकर पहुंची है। सूत्रों के अनुसार उनसे उनके कार्यकाल में झारखंड में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर लागू हुई एक्साइज पॉलिसी की कथित गड़बड़ियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

अफसरों और कई बड़े कारोबारियों की भूमिका

दरअसल इस मामले की जड़ें छत्तीसगढ़ से जुड़ी हैं जहां शराब घोटाले में स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अफसरों और कई बड़े कारोबारियों की भूमिका सामने आई है।

छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच वहां की आर्थिक अपराध शाखा ने शुरू की थी। इसके बाद ईडी ने भी इस मामले में जांच शुरू की। ईडी को इस दौरान यह भी जानकारी मिली कि जिस सिंडिकेट ने छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला किया उसी ने झारखंड में भी नई उत्पाद नीति लागू करवाई और यहां भी उसी तर्ज पर घोटाला दोहराया गया।

छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट ने ही झारखंड में सुनियोजित घोटाला किया

इसी आधार पर ईडी की छत्तीसगढ़ इकाई ने झारखंड के तत्कालीन एक्साइज सेक्रेटरी विनय चौबे को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के दौरान चौबे ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था कि उत्पाद नीति सरकार की सहमति से लागू की गई थी। बाद में झारखंड के एक व्यक्ति ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट ने ही झारखंड में सुनियोजित घोटाला किया। इसके बाद ईडी ने इसमें ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की और अक्टूबर 2024 में आईएएस विनय चौबे सहित कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

कवासी लखमा के करीबियों के ठिकानों पर छापे मारी

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध शाखा में एक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद झारखंड एसीबी ने राज्य सरकार की अनुमति के बाद पीई दर्ज कर जांच शुरू की है। इधर छत्तीसगढ़ में भी आज दुर्ग भिलाई के कई ठिकानों पर छापमार कार्रवाई छत्तीसगढ़ के एन्टी करप्शपन ब्यूरो ने की है। दो दिन पहले राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबियों के ठिकानो पर छापे मारे थे। आज भी छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले को लेकर पूछताछ चल रही है गौरतलब है कि कवासी लखमा समेंत कई बड़े अफसर अब भी छत्तीसगढ़ की जेल में है।

शेयर ट्रेडिंग से पैसा कमाने का झांसा देकर 3 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

तीन साल से फरार आरोपी को बिलासपुर पुलिस ने इंदौर में पकड़ा, न्यायालय में किया गया पेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। शेयर ट्रेडिंग से पैसा कमाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले 3 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। बिलासपुर पुलिस धोखाधड़ी/साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार धोखाधड़ी/साइबर फ्रॉड संबंधी अपराध करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस के अनुसार अविनाश साहू निवासी बिरकोना थाना कोनी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 जून 2022 से 15 अगस्त 2022 तक गूगल पे के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग से पैसा कमाने का झांसा देकर कुल 2,88,000 रुपए ट्रांसफर करा कर धोखाधड़ी करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। विवेचना दौरान लगातार आरोपी का पतासाजी किया जा रहा था। साइबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन खजराना इंदौर (मध्यप्रदेश) पाए जाने से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर पुलिस टीम खजराना, इंदौर (म.प्र.) के लिए रवाना किया गया। टावर लोकेशन के आधार पर दबिश देकर आरोपी यश चावला पिता स्व.प्रहलाद चावला उम्र 34 साल निवासी राम कॉलोनी कैलाशपुरी, बंगाली स्वेयर थाना खजराना जिला इंदौर (म.प्र.) से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लेकर अपराध स्वीकार करने पर वजह सबूत के आधार पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय इंदौर से ट्रांजिट रिमांड लेकर आज 20 मई को जेएमएफसी न्यायालय बिलासपुर पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा, थाना प्रभारी कोनी किशोर केवट रक्षित केंद्र बिलासपुर निरी. नवीन कुमार देवांगन और स्टाफ़ की सराहना की है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोनी किशोर केंवट, प्र.आर.अशफाक अली, आरक्षक अविनाश पांडे तथा रक्षित केंद्र से निरीक्षक नवीन कुमार देवांगन आरक्षक दीपक मरावी का सराहनीय योगदान है।

नौकरी का झांसा देकर 22 लोगों से 9 लाख की ठगी

माया सेल्स के नाम से कंपनी खोलने व उसमें नौकरी दिलाने के नाम से करीब 22 लोगों से 9 लाख रुपए की ठगी करने वाला आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सत्यनारायण सांडे निवासी वार्ड 15 सारथी मोहल्ला बलौदा जिला जांजगीर चांपा द्वारा थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसमें उनके द्वारा आरोपी कामता मेहता के विरुद्ध माया सेल्स नामक कंपनी खोलने तथा उसमें नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 22 लोगों से कुल 9 लाख रुपए लेकर ठगी करने के संबंध में लेख किया गया था जिस पर से आरोपी के विरुद्ध धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जिसकी जानकारी तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को दी गई जिनके द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए जिसके परिपालन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद सबद्रा भापुसे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी तोरवा के नेतृत्व में टीम गठन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी कामता मेहता को पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

न्यूज गैलरी

आदिवासियों को लाभ दिलाने शिविर 15 जून से

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जनजातीय बाहुल्य गांवों के समग्र विकास के लिए 02 अक्टूर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी। पीएम जनमन की तरह ही जनजातियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें जिले के सभी विकासखंड कोटा के 65, बिल्हा के 11, मस्तूरी के 13 एवं तखतपुर के 13 कुल 102 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं और सेवा वितरण को पूरा करने 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 25 कार्यक्रम शामिल है। यह योजना केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इसमें 17 विभाग शामिल है। प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के क्षेत्र से जनजातीय परिवारों को जोड़कर उनके समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

धमनी में आयोजित समाधान शिविर में बिल्हा विधायक व जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ हुए शामिल

शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आ रहा बदलाव: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और अपर मुख्य सचिव एवं जेल गृह विभाग एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ सुशासन तिहार के तहत बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि यह समाधान शिविर कई योजनाओं की जननी बनेगी। इन शिविरों में मिले फीडबैक से कई नई योजनाएं शुरू की जाएगी। शिविर मे विभागीय स्टॉलों से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बहुआयामी विकास के कार्य हो रहे हैं। शासकीय योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडीशनल एसपी अर्चना झा, एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। शिविर में 5154 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई जिनमें से 5112 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि चिलचिलाती धूप में मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री, विधायक,अधिकारी-कर्मचारी सुशासन तिहार में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकण कर रहे हैं। अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने कहा कि सुशासन तिहार कई नवाचारों में से एक नवाचार है। शिविर में आने वाले ग्रामीणों की सभी जरूरतें पूरी हो रही है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अपनी दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। अपने कामों की गति यूं ही बनाएं रखे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में 15 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। इनमें भाटागांव, बिटकुली, बुंदेला, देवकिरारी, धमनी, गुमा, झाल, कड़ार, कया, नगपुरा, नगरोड़ी, परसदा, भाटागांव, सेंवार, तेलसरा और उमरिया के ग्रामीण शामिल हुए।

राशन कार्ड व श्रम कार्ड वितरित

शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब, सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रडिट कार्ड, कृषि विभाग द्वारा लपेटा पाईप, स्प्रेयर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जॉब कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल एवं आईस बॉक्स सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

रामकली और दुलौरिन को मिली वॉकर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी में मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर गांव वालों के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आया।शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को अपर मुख्य सचिव गृह ,जेल एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ और विधायक धर्मलाल कौशिक ने विभिन्न सामग्री का वितरण किया। शिविर में बुजुर्गों को चलने-फिरने में सहारा देने वाले उपकरण बांटे गए,साथ ही वय वंदन योजना के तहत 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य सहायता भी दी गई। बुजुर्ग महिलाओं ने त्वरित सुनवाई के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार। ग्राम धमनी निवासी 78 साल की बुजुर्ग रामकली साहू और 75 साल की दुलौरिन बाई उन बुजुर्गों में शामिल थीं, जिनके लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं था। चलने में दिक्कत होने के कारण दोनों घरों में कैद जैसी जिंदगी जी रही थीं। लेकिन सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में उन्हें चलने के लिए सहारा मिला है दोनों बुजुर्ग महिलाओं को चलने के लिए न केवल वॉकर मिली बल्कि उन्हें वय वंदन योजना के तहत 5 लाख रुपए की त्वरित सहायता भी मिली है। रामकली ने कहा अब मंदिर तक पैदल जा सकूंगी वॉकर मिलने पर रामकली साहू की आंखें चमका उठीं।

शासकीय स्कूल खम्हरिया के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ क्षेत्र का बढ़ाया मान, सरपंच संघ अध्यक्ष, प्राचार्य सहित शाला परिवार ने दी बधाई

सीपत/नवप्रदेश। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी की परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए हाई अंकों से उत्तीर्ण कर क्षेत्र को गौरवांवित किया है। कक्षा बारहवी में कक्षा 12 वीं प्रथम स्थान धन्नू साहू 82.4 प्रतिशत, द्वितीय अंजू 80.6 प्रतिशत वाणिज्य संकाय से बाजी मारी। कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 92.92 प्रतिशत , कक्षा 12 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 92.64 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं में प्रथम तृषा 94.33, द्वितीय राधिका 93.5 , तृतीय इंद्राणी 92 , भावना महंत 91.83 , चंद्रकांत केशकर 90.5 , रोशनी 87.5 , सत्या साहू - 87.17 , कुमकुम पाण्डेय 86.5 , तनुजा खांडेकर 85.5 , दीपांशु 84.83 , मनीष जगत -82.67 , अंजली साहू 80.83 , अनुराधा 80.83 हासिल किए है। पांच छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व तेरह छात्र छात्राओं 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है। इन बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य शशिकिरण किंडो, सीपत सरपंच संघ अध्यक्ष श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर शिक्षक जहान कुरैशी, बेदब्यास साहू,युवा नेता राकेश लैहर्षण ,पत्रकार मोहम्मद नजीर हुसैन सहित शाला परिवार ने प्रतिभावान छात्रों को मुंह मीठा कराकर बधाई देते हुए उनके उज्ववल भविष्य की कामना की है।

बाल पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा असाधारण प्रतिभा एवं उपलब्धियों वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार साहस समाज सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में दिया जाता है।

एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के बाल कलाकार युवराज का सीसीआरटी में चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2024-25 की सांस्कृतिक प्रतिभा छात्रवृत्ति योजना (सीसीआरटी) के अंतर्गत हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में 10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग से युवराज लोनिया का एकमात्र चयन हुआ है। यह छात्रवृत्ति भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत सांस्कृतिक स्त्रोत और प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रदान की जाती है। युवराज लोनिया जो कि आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में कक्षा आठवीं के छात्र हैं, अपनी कम उम्र में ही

संगीत के क्षेत्र में अद्भुत प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। उन्होंने अब तक देश के कई राज्यों में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया है। युवराज की यह उपलब्धि केवल उनके व्यक्तिगत प्रयास और लगन का परिणाम नहीं है, बल्कि उनके गुरुजनों, विद्यालय, और माता-पिता के मार्गदर्शन और सहयोग का भी साक्षात प्रमाण है। सीसीआरटी छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य देशभर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण में योगदान देना है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों को न केवल आर्थिक सहायता दी जाती है, बल्कि उन्हें अपने कला क्षेत्र में प्रशिक्षित होने के लिए विशेष अवसर भी प्राप्त होते हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर युवराज को हार्दिक बधाई एवं उज्व्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी जा रही हैं। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक क्षितिज पर युवराज का यह योगदान निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी तथा प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने युवराज को उनकी इस उपलब्धि पर ढेर सारी शुभकामनाएं वह बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

2 ट्रेलर, 2 हाइवा, एक 1 जेसीबी मशीन सहित 2 ट्रैक्टर जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। *कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।*

खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन करते कार्रवाई

खनिज अमला बिलासपुर द्वारा खपरी, कोहरौदा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया । जहाँ खपरी अंतर्गत शिवनाथ नदी क्षेत्र से रेत का अवैध उतखनन कर परिवहन करते पाये गए 02 ट्रेक्टर वाहनों को थाना बिल्हा को सुरक्षार्थ किया गया। खम्हरिया पेंडरी क्षेत्र मे निरीक्षण के दौरान पेंडरी स्थित शासकीय तालाब से खनिज मिट्टी का बिना अनुमति या प्रस्ताव के उतखनन करते पाये गए 02 हाइवा एंव 01 जेसीबी वाहन को सील बंद किया गया। गतौरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज कोयला का अवैध रूप से भण्डारण पाया गया । जहाँ मौका स्थल पर भण्डारित कोयला,01 लोडर मशीन एंव 02 ट्रेलर वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की गयी जिसमे से 01 ट्रेलर को थाना रतनपुर को सुरक्षार्थ किया गया। अवैध भण्डारकर्ता को खनिज नियमों के उल्लंघन किये जाने पर नोटिस चस्पा किया गया है।खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी सचिन पायलट के बिलासपुर आगमन पर तखतपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष रविन्दर पूजा कौर मक्कड़ ने अपने महिला पार्षदों एवं साथियों के साथ सौजन्य मुलाकात कर नगर पंचायत तखतपुर के विकास को लेकर चर्चा की।

कार्यशाला सीवीआरयू में एक राष्ट्र एक चुनाव पर कार्यशाला, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू , क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने की शिरकत

एक राष्ट्र एक चुनाव की धारणा चुनाव सुधार की दिशा में क्रांतिकारी कदमः तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो दिनों तक एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में जानकारी दी जाएगी और युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। यह आयोजन सोशल साइंस विभाग एवं विधि विभाग एवं आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की धारणा चुनाव सुधार की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सबसे बड़ा लाभ यह होगा, कि प्रशासनिक सुगमता होगी। विकास की कार्य को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव को की बात कही थी । उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता भी आएगी और हमारा देश उत्थान, प्रगति, तरक्की की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि यह एक साहसिक निर्णय हैं, जिसे हम सबको स्वागत करते हुए स्वीकार करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित क्रेडा के अध्यक्ष ने कहा कि भारत का लोकतंत्र समृद्धशाली और मूल्य पर आधारित लोकतंत्र है। पूरी दुनिया में इसका उदाहरण दिया जाता है। देश को मजबूत करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता है।। हम सबको संकल्पित होकर इस कार्य को करना होगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में उल्लेख करते हुए से सेना के पराक्रम से पूरे देश को गौरान्वित होने की बात भी कहीं। इस अवसर पर उपस्थित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई जी के विचारों को सबके सामने रखा और कहा कि उनके विचारों दृढ़ संकल्पित थे।

इनक्यूबेशन सेंटर और संजोही को सराहा

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र संबंधी बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण किया। यह इनक्यूबेशन सेंटर केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किया गया है। युवाओं के इनोवेशन को साकार रूप देने वाले इस संस्थान के बारे में विस्तार से जाना। इसी तरह अतिथियों ने छत्तीसगढ़ी संजोही का भी भ्रमण किया। जहां छत्तीसगढ़ी लोक कला, संस्कृति, साहित्य, छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, को जीवंत रूप में दर्शाया गया है ।

सुविचार

नायक वह होता है जो दुश्मनों से लड़ता है और जीतता है जबकि नालायक हमेशा अपनों से लड़ता है। - अज्ञात

आईएमएफ का पाकिस्तान को झटका

आर्थिक रूप से दिवालिएपन की कगार पर पहुंच गये पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष(आईएमएफ) ने भारत के भारी विरोध के बावजूद उसे 2.4 अरब डॉलर की आर्थिक मदद मुहैया कराने का फैसला ले लिया था। जो पाकिस्तान के लिए डूबते को तिनके के सहारे के रूप में है। इतनी राशि से पाकिस्तान का एक महीने का भी खर्चा नहीं चल पाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद भारत ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बेनकाब करने के लिए जो मुहिम चलाई है। उससे आईएमएफ पर भी दबाव बना है और उसने अब पाकिस्तान को करारा झटका देते हुए उस पर 11 कड़ी शर्तें लागू कर दी है। आईएमएफ ने कहा है कि पाकिस्तान को भारत के साथ तनाव नहीं बढ़ाना चाहिए। वरना उसे इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान को नये आयकर कानून बनाने के साथ ही बिजली की दरों में वृद्धि करने सहित और भी कई कदम उठाने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान को अब आईएमएफ की शर्तें माननी पड़ेगी। अन्यथा उसे अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज की अगली किस्तें नहीं मिलेंगी। इस तरह पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज लेकर एक नये जंजाल में फंस गया है। पाकिस्तान पर पहले ही भारी कर्ज है। जिसका ब्याज देने की भी स्थिति में वो नहीं है। पाकिस्तान में भुखमरी के हालात निर्मित हो रहे हैं। लगभग 20 लाख लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। वहीं बच्चों में कुपोषण भी बढ़ता जा रहा है। महंगाई का आलम यह है कि आलू और प्याज भी वहां डेढ़ सौ रूपये किलो बिक रहे हैं। चावल तीन सौ रूपये किलो और दूध ढाई सौ रूपये किलो में बिक रहा है। पेट्रोल की कीमत दो सौ रूपये के पार जा चुकी है। अब यदि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें मान लेता है तो जाहिर है कि वहां महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर जाएगी और वहां की आवाम का जीना मुहाल हो जाएगा। ऐसे में पाकिस्तान के भीतर गृहयुद्ध छिड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान में पहले ही पीओके में बगावत की आंधी उठ रही है और बलुचिस्तानी ने तो खुद को पाकिस्तान से अलग स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। बलुचिस्तान की देखा देखी सिंध में भी बगावत शुरू हो गई है ऐसी कठिन स्थिति में यदि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक नए आयकर कानून बनाता है और बिजली की दरों में वृद्धि करता है तो वहां हालात और बिगड़ सकते हैं। पाकिस्तान के लिए दिक्कत यह है कि बगैर कर्ज लिए उसका गुजारा नहीं हो सकता और अब उसे कोई भी देश मदद देने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने जो तबाही मचाई है उससे हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी पाकिस्तान को मोटी रकम की आवश्यकता है। भारत ने पाकिस्तान के जिन ग्यारह एयरबेसों को क्षतिग्रस्त किया है उसकी मरम्मत के लिए ही पाकिस्तान को करोड़ों डॉलर की जरूरत पड़ेगी। जाहिर है आईएमएफ से मिली इस राशि में से ही एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान भारत के हमले से हुए नुकसान को पूरा करने के लिए खर्च करेगा। ऐसी स्थिति में 2.4 अरब डॉलर की यह राशि पाकिस्तान की जरूरतों के मद्दे नजर ऊंट के मुंह में जीरा के समान ही साबित होगी। और आगे चलकर उसे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। भारत से पंगा मोल लेकर पाकिस्तान ने खुद आपने हाथों अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। ऐसे में यदि पाकिस्तान के खिलाफ भारत और कोई सैन्य कार्यवाही करता है तो पाकिस्तान बर्बाद हो जाएगा। गौरतलब है कि संघर्ष विराम के बाद भी पाकिस्तान अपनी हेकड़ी दिखाने से बाज नहीं आ रहा है। और अपनी हार को जीत बता रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच अगर तनाव बढ़ता है तो जाहिर है कि भारत फिर पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही करने पर बाध्य होगा। भारत ने पहले ही कह दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित किया गया है। यह अभी खत्म नहीं हुआ है। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तो पाकिस्तान को चेतावनी दे दी है कि यह तो अभी सिर्फ ट्रेलर था पूरी पिक्चर अभी बाकी है। भारत के कठोर रूख को देखते हुए पाकिस्तान में हड़कंप मची हुई है। पाकिस्तान भारत की संभावित कड़ी कार्यवाही को लेकर वैसे ही तनाव में है और अब तो उसकी अर्थव्यवस्था ही पूरी तरह चौपट हो चुकी है। ऐसे में भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष सहित अन्य वित्तीय संस्थानों से मिलने वाली आर्थिक मदद को रोकने के लिए जो कूटनीतिक कदम उठाने जा रहा है। उससे पाकिस्तान पर मुसीबतों का पहाड़ गिरना तय माना जा रहा है। भारत के प्रबल विरोध के चलते ही आईएमएफ ने पाकिस्तान पर कड़ी शर्तें थोपी हैं। इसी तरह अब अन्य वित्तीय संस्थान भी यदि पाकिस्तान की कोई आर्थिक मदद करेंगे तो वे भी उस पर कड़ी शर्तें लागू करेंगे। जिनका पालन करना पाकिस्तान की मजबूरी होगी और इसका भार पाकिस्तान के आवाम पर पड़ेगा जिसकी कमर पहले ही महंगाई की मार से टूट चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान की आवाम सड़कों पर उतरकर अपनी सरकार और सेना के खिलाफ विद्रोह का बिगूल फूंक दे तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

डॉ. संजय शुक्ला

बिलाशक अभिव्यक्ति की आजादी हमें अन्याय के खिलाफविरोध का मौलिक अधिकार मुहैया कराता है लेकिन इसकी मर्यादा की सीमा भी तय होना जरूरी है। देश में बढ़ते बदजुबानी और सोशल मीडिया पर फेक व भड़काऊ पोस्ट पर नकेल कसने के लिए सुप्रीम कोर्ट और सरकार ने क?ई बार कानूनी सख्ती की जरूरत जताई है लेकिन नतीजा सिफर है। अलबत्ता अभिव्यक्ति की आजादी के दुरूपयोग पर कानूनी डंडे नहीं बल्कि राजनेताओं और नागरिकों को विचारों को शब्द देने के दौरान स्वअनुशासन की जरूरत है। राजनीतिक दलों को भी अभिव्यक्ति की मर्यादा और जवाबदेही पर गंभीरता दिखानी होगी लिहाजा उन्हें अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस दिशा में प्रशिक्षित करने की दरकार है। गौरतलब है कि लोकतंत्र एक जीवंत व्यवस्था है जिसमें सबको समान रूप से विचार अभिव्यक्ति की आजादी है लेकिन यह अभिव्यक्ति शालीनता और शिष्टतापूर्वक हो तभी लोकतंत्र की मर्यादा की रक्षा हो सकती है।

अमृतकाल में बदजुबानी का जहर

भारत इन दिनों अपनी आजादी का अमृतकाल मना रहा है लेकिन 75 बरस बूढ़े भारतीय लोकतंत्र पर गौर करें तो यह प्रतीत होता है कि यह अभी भी परिपक्व नहीं हुआ है। दरअसल लोकतंत्र की जवाबदेही आज जिन राजनेताओं पर है उनके कृत्यों और बदजुबानी के चलते हमारा लोकतंत्र दिन - प्रतिदिन शर्मसार हो रहा है। भारतीय राजनेताओं के बीच बदजुबानी की होड़ इस तरह से मची हुई है कि उन्हें सेना के शौर्य और सम्मान, महिलाओं की मर्यादा तथा न्यायपालिका की गरिमा का जरा भी लिहाज नहीं है। बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारतीय सेना ने ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ के नाम पर एक सैन्य कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारत - पाकिस्तान के बीच महज चार दिनों तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना के तीनों अंगों ने जहां अपनी सर्वश्रेष्ठ रणनीति, कुशल पराक्रम और सटीक मारक क्षमता का प्रदर्शन किया वहीं भारत निर्मित हथियारों के सटीक प्रहार ने पूरी दुनिया को भारत के सैन्य क्षमता से परिचित करा दिया।" आपरेशन सिंदूर÷ के दौरान पूरा भारत धर्म, जाति, राजनीतिक विचारधारा से परे सरकार और सेना के साथ एकजुट खड़ी हुई जिसे पूरी दुनिया ने देखा।

भारत - पाक सैन्य संघर्ष पर सीजफायर के बाद सियासत से लेकर सोशल मीडिया व टीवी चैनलों पर जिस तरह युद्ध और सीजफायर को लेकर बयानबाजी और आरोप - प्रत्यारोप चल रहे हैं उससे सेना के गौरव और बलिदान का अपमान हो रहा है। युद्धविराम के बाद सत्ता और विपक्षी पार्टियों के बीच चल रहे सियासी रस्साकसी के बीच जिस तरह से भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही है उससे पूरा देश शर्मसार हो रहा है। हालिया मामला मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह से जुड़ा है जिन्होंने अपने भाषण में भारतीय सेना के कर्नल सोफिया कुरैशी को पाकिस्तानी आतंकियों की बहन बताने जैसे आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी।

मध्यप्रदेश के हाईकोर्ट ने विजय शाह के टिप्पणी को स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके टिप्पणी को अत्यंत शर्मनाक बताते हुए राज्य सरकार को उनके खिलाफ एफआईआर का आदेश दे दिया। इधर मंत्री द्वारा अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुप्रीम अदालत ने विजय शाह के टिप्पणियों को काफी शर्मनाक बताते हुए उनके माफीनामे को सीधे तौर पर खारिज करते हुए मामले की जांच हेतु तीन सदस्यीय विशेष जांच दल 'एसआईटी' गठित करने का आदेश दिया है जो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच करेगा।

इधर मंत्री विजय शाह के बयान पर राजनीतिक घमासान थमा ही नहीं था कि इसी राज्य के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने युद्ध में सफलता का का सेहरा प्रधानमंत्री के सर बांधने की होड़ में विवादित टिप्पणी कर दिया कि ' भारतीय सेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक है '। सेना पर बदजुबानी का ज्वार यहीं नहीं थमा बल्कि मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने अपने भाषण में विंग कमांडर व्योमकेश सिंह पर जातिगत टिप्पणी करते हुए सेना के क?ई अधिकारियों की जाति का जिक्र कर दिया।सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणियां पहले भी की जाती रही है ऐसी टिप्पणियों में बेहद दुखद टिप्पणियां देश के चीफ़ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत और उनकी पत्नी के हेलीकॉप्टर हादसे में हुई मौत के बाद भी हुई थी जो काफी असंवेदनशील थी।

बहरहाल यह कोई पहली मर्तबा नहीं है जब हमारे सियासतदानों ने देश में घटित होने वाले आतंकवादी और सांप्रदायिक घटनाओं से लेकर महामारी और प्राकृतिक आपदा में आपत्तिजनक बयान दिए हों।

जिस देश में सदियों से" यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता" यानि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं की मान्यता रही है वहां के कतिपय राजनेता महिलाओं के साथ घटित हो रहे दुष्कर्म और छेड़छाड़ की घटनाओं पर विवादित बयान देने से नहीं चूक रहे हैं। आलम यह है कि एक तरफ हमारे राजनेता सार्वजनिक कार्यक्रमों में महिला सशक्तिकरण और स्वालंबन की बात करते हैं तो दूसरी ओर सियासत में उन्हें हिस्सेदारी और सम्मान देने के मामले में दोहरा रवैया अपनाते हैं। सियासत में इन दिनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म से लेकर राजनीति में सक्रिय महिलाओं के बारे में संसद से लेकर सोशल मीडिया पर लगातार अभद्र टिप्पणियां की जा रही है जिससे लोकतंत्र और नारी दोनों की मर्यादा खंडित हो रही है।

बीते दौर पर गौर करें तो पूर्व कांग्रेसाध्यक्ष सोनिया गांधी, भाजपा के जयाप्रदा, जया बच्चन, लोकसभा के पीठासीन सभापति सांसद रमादेवी, स्मृति ईरानी, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी, वसुंधरा राजे सिंधिया, जयाप्रदा , मायावती, कंगना रनौत, हेमा मालिनी जैसे अनेक शीर्ष नेत्रियों को अपने राजनीतिक विरोधियों के हेट स्पीच का प्रहार झेलना पड़ा है। महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म पर सियासी नेताओं के विवादित बयानों की फेहरिस्त बहुत लंबी है मसलन कुछ अर्सा पहले कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार ने बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि जब बलात्कार रोका नहीं जा सकता तो लेटिए और मजे लीजिए।

दिल्ली में दिसंबर 2012 में निर्भया के साथ बर्बरता पूर्ण दुष्कर्म के विरोध में में प्रदर्शनों हिस्सा ले रहीं युवतियों के बारे में पूर्व कांग्रेसी सांसद अभिजीत मुखर्जी ने टिप्पणी किया था कि "हाथ में मोमबत्ती जलाकर सड़कों पर आना फैशन बन गया है, ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्कोथेक में गईं फिर इस गैंगरेप के खिलाफ विरोध करने इंडिया गेट पहुंच गईं÷।समाजवादी पार्टी के प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने बलात्कार पर बयान दिया था कि लड़कों से गलती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सज़ा नहीं देनी चाहिए। महिलाओं के बारे में हमेशा अभद्र टिप्पणी करने वाले समाजवादी नेता आज़म खान ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी जयाप्रदा पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी किया था फलस्वरूप उन्हें जेल की भी हवा खानी पड़ी।

अलबत्ता भारत में अभिव्यक्ति यानि बोलने की आजादी संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल है लेकिन हालिया दौर में इस आजादी को उच्छ्रृंखलता के तौर पर भी देखा जा रहा है। देश के राजनेताओ के बदजुबानी के कारण भारत का लोकतंत्र शर्मसार हो रहा है लेकिन हमारे राजनीतिक दल और राजनेता लगातार इस दिशा में बेपरवाह बने हुए हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)।1840 में आज ही के दिन न्यूजीलैंड ब्रिटिश कॉलनी का हिस्सा बना था। 1881 में 21 मई के दिन ही यूएस नेशन लॉन टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई थी। 1908 में आज ही के दिन पहली हॉरर फिल्म शिकागो में मनाया गया था। 1970 में 21 मई के दिन ही स्स्क्र ने न्यूक्लियर टेस्ट किया था। 1981 में आज ही के दिन पियरे मोरो फ्रांस के प्रधानमंत्री की नियुक्त हुई थीं। 1996 में 21 मई के दिन ही पेप्सी ने विश्व में पहली बार अंतरिक्ष में विज्ञापन फिल्म बनाने की घोषणा की थी। 1998 में आज ही के दिन 32 वर्षों तक लगातार इंडोनेशिया पर शासन करने वाले राष्ट्रपति सुहार्तो का त्यागपत्र आया था। 2002 में 21 मई के दिन ही बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एचएम इरशाद को 6 माह कारावास की सजा दी गई थी। 2003 में आज ही के दिन विश्व के 190 से भी अधिक देशों ने तंबाकू के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय संधि को जिनेवा में मंजूरी दी थी। 2006 में 21 मई के दिन ही श्रीनगर में कांग्रेस की रैली पर हमला हुआ था। 2010 में आज ही के दिन दुबई से मंगलौर आ रहे एयर इंडिया के विमान ढ्ढङ्ग-182 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 166 में से 158 यात्री की मौत हो गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गलती से एक

गलती से एक बार जनता के आवेदनों का निधन छप गया दूसरे दिन अखबार ने भूल सुधार करते आवेदनों का निदान प्रकाशित किया एक पाठक ने भूल सुधार पर अपनी टिप्पणी भेज दी प्रिय संपादक महोदय., आपका पूर्व प्रकाशित शब्द ही सही था सुधार की जरूरत नही क्योंकि लाखो आवेदन मे निदान कम निधन अधिक होता है आवेदनों का पता नही चलता कहां गायब ! - **संत आर थवाइत**

छोटी छोटी है

छोटी छोटी है खुशियाँ सुखी लोगों की दुनिया। उम्मीद पे दुनिया टिकी मुस्कान है उसकी फीकी। अंतरमन कीरहे तलब सब को रहते मतलब। कथन ये साथ साथ हैं महज ये मन उदास है। मोबाइल से चले धड़कनतन्हाई में भी कटे जीवन। - **सुरेश वैष्णव**

खास पाती

ज़िन्दगी का अर्थ क्या है, मौत

ज़िन्दगी का अर्थ क्या है, मौत का सबको पता है। हम बड़े तो हो गयें हैं, पर बड़प्पन लापता है। मैं किनारा तू समन्दर, मेरे बिन आखिर तू क्या है। उनकी जुल्फें ऐसी बिखरीं, बादलों का सर झुका है। ना मिला उससे दुखी क्यूं, सोचो तुमको क्या मिला है। आज रावण फिर मरेगा, आज दानी दशहरा है। - **संजय दानी**

संस्कार माँ से सदैव , गुरु देते हैं ज्ञान

संस्कार माँ से सदैव , गुरु देते हैं ज्ञान। इस धरती के साक्ष्य ये, हैं मानव भगवान॥ कच्ची मिट्टी शिष्य हैं, शिक्षक,कुशल कुम्हार। साँचे में जो ढाल कर , दें उत्तम-आकार॥ गुरु-महिमा है दिव्य अति, मिले सुघड़-आकार। ज्ञान-चक्षु ये खोल दे, जगत ज्ञान आधार॥ छू-कर, पद रज, गुरु-चरण, बनते शिष्य महान। पाकर अतुलित गुरु-कृपा, मिले जगत यश गान॥ - **डॉ प्रतिभा गर्ग**

राजनीति को क्या समझे हो

राजनीति को क्या समझे हो, खेला खेल मदारी।। कूटनीति के तहत सदा हो, एक एक तैयारी।। सोच समझ कर काम करे वो बात सभी की कान धरे वो बनकर वो वट वृक्ष छांव दे स्वयं जेठ सी धूप जरे वो त्यागी है, मत समझो उसको, भोला सा संसारी।। करो आज मत का बा का बा समझो नहीं देश भी ढाबा बोल बिगाड़ो जिनकी खातिर क्या वो लगते तुमरे बाबा मुफ्त रोटियां तोड़ तोड़ जो, देते फिरते गारी।। नहीं सियासत सुनो अनाड़ी होती चतुर चालाक खिलाड़ी परिणाम सोचे दूरगामी खुजा खुजा कर है वो दाढ़ी दूरदर्शिताओं से उसने ,हरदम बाजी मारी।। - **रजनी रामदेव**

पाँव छोलागे रद्दा रेंगत फेर डेहरी के

पाँव छोलागे रद्दा रेंगत फेर डेहरी के छाँव नहीं बसगे सरी दुनिया कहिथें फेर हमर गाँव नहीं पुरवइया तो आथे-जाथे तभो वोकरो आस नहीं बिच्छल हे माया-ठगनी इँकर तो बिसवास नहीं बस पिरोहिल के डेरा म एको जगा मिल जातीस तब मुक्ति के कोरा म जीव हमरो खिल जातीस ऊँ नमः शिवाय.. - **सुशील भोले**

कैसे कैसे लोग हैं,कैसी इनकी सोच

कैसे कैसे लोग हैं,कैसी इनकी सोच। देश अहित मत बोलिए,करिये कुछ संकोच। भीतर जो गद्दार हैं, जो करते बकवास। समझो रण की नीतियां,होती हैं कुछ खास ।। आजादी अभिव्यक्ति की,है मौलिक अधिकार। देश विरोधी बोल पर,तय करते गद्दार ।। कहीं भी कुछ न बोलिए, करिये प्रथम विचार। भारत हित का ध्यान क्या ,रखती है सरकार।। मोदी जी ने देश का,ऊँचा किया है भाल । उनके शासन को कहो,सबसे स्वर्णिम काल। जंग अगर न रोकते,क्या होता अन्जाम । परमाणु के नश्तर से,होता युद्ध विराम।। आतंकी करतूत का,देकर उसे जवाब। समझाया मत देखना,हमसे रण का ख्वाब।। - **शालिनी शर्मा**

पिघलते चेहरे धूप का सैलाब फ़ैलता

पिघलते चेहरे धूप का सैलाब फ़ैलता ही जा रहा है चारो और देखती हूँ अब तो चेहरे भी पिघलने लगे हैं गिरने लगा है उसमे से सफेद-सफेद पदार्थ खून सा गाढ़ा पर, रंग खून सा नहीं क्यों बूँदों-बूँदों सा ही, ज़मी पर गिरता है जहाँ-तहाँ वहीं पर जम जाता है और उसमे से ऊग रहे हैं सफेद-सफेद पेड़ रक्त-हीन हथेलियों के आकार से।

- **अनिता कपूर**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

दिन का सपना

विजय कुमार गुप्ता

कल्पना लोक की सोच, होनी अनहोनी,
जंगल से गुजरने में अचानक पास आता शेर,
हाईवे सड़क दुर्घटना में अनायास लगा जाम,
मन में विकराल सी उथल-पुथल,
बहुत बेचैन करती है,
तबियत घबराती है, रक्तचाप बढ़ाती है।
फिर भी इंसान अपनी चाल से चलने का
प्रयास जरूर करता है।
अपनी राह के सहयात्री, साथी,
हमराही से वास्ता रखता है।
परंतु उलझन, सुलझने के बजाय उलझती हो,
सोचो कभी ऐसा हो तो क्या हो।
सफर में था, अकेले ही कार चलाते आगे बढ़ रहा था,
किसी गंतव्य की ओर।
रुका, कार पार्क की, जरूरी समान खरीदने,
कुछ दुकानें थी बाएं तरफके छोर।

QUIZ TIME

1) द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.) का मुख्य घटक क्या है?

2) डेवी दशमलव वर्गीकरण का उपयोग किसमें किया जाता है?

3) फैजाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

4) किस संस्था का आदर्श वाक्य मा गृधः कस्यस्विद्धनम् है?

5) किसे राई नृत्य के संरक्षण और प्रचार के लिए 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण (2) पुस्तकालय (3) मौलवी अहमदुल्ला (4) लोकपाल (5) राम सहाय पांडेय

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:44, सूर्यास्त : 19:03,चन्द्रोदय : 25:19, चन्द्रास्त : 12:07, अयन : उत्तरायण, ॠतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी, नक्षत्र : शतभिषा , योग : वैधृति, प्रथम करण : बव (05:51 तक), द्वितीय करण : बालव (17:28 तक), तृतीय करण : कौलव (28:55+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृषभ, चंद्र : कुम्भ,मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व , मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:50, अमृत काल : 09:07 से 10:43, द्विपुष्कर योग : 05:44 से 05:51, विजय मुहूर्त : 14:37 से 15:30, गोधूलि मुहूर्त : 19:02 से 19:24, सायाह्न सन्ध्या : 19:03 से 20:07, निशिता मुहूर्त : 24:02+ से 24:45+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:19+ से 29:01+, राहुकाल : 12:00 से 13:30, गुलिक काल : 12:24 से 14:04, यमगण्ड : 09:04 से 10:44, दुर्मुहूर्त : 08:24 से 09:17, वर्ज्य : 26:34+ से 28:07+, पञ्चक : 07:35 से 29:43+।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी भरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चो का लेखा-जोखा रखने की आवश्यकता है।

वृष : आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप अपने व्यवसाय की योजनाओं में सही तरीके से धन लगाएं, तभी वह उन्हें बेहतर लाभ देगी।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा।

कर्क: आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने में समस्या आएगी।

सिंह : आज के दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने जीवनशैली को सुधारने की कोशिश में लगे रहेंगे।

कन्या: आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी।

तुला: इस महीने आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए संभलकर चलने के लिए रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में धोखा मिलने से कोई नुकसान हो सकता है।

धनु : आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अनुभवी व्यक्तियों का पूरा साथ मिलेगा।

मकर: आज नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई जल्दबाजी करने से बचना होगा। आप दिखावे के चक्कर में धन व्यय कर सकते हैं।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों पर प्रमोशन मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मीन: आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल डेका ने 30 टीबी मरीजों के लिए दी 1.80 लाख की सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 30 टी.बी. मरीजों की मदद के लिए निःक्षय मित्र बनते हुए 1 लाख 80 हजार रूपये की राशि अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इस सहायता से मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राज्यपाल डेका ने बिलासपुर जिले के 10 टी.बी. मरीजों को एक वर्ष के लिए 60 हजार रूपये की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी है। इसी तरह सारंगढ़-बिलाईगढ़ और कोरिया जिलों के 10-10 टी.बी. मरीजों को भी प्रति माह पांच सौ रूपये के मान से एक वर्ष के लिए 60-60 हजार रूपये आर्थिक सहायता राशि दी गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत देश एवं प्रदेश को वर्ष 2025 तक टी.बी मुक्त बनाना लक्ष्य है। डेका ने राज्य को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए समुदाय की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए जन सहयोग पर बल दिया है। जिलों के दौरों के दौरान वे स्वयं मरीजों की जानकारी लेते हैं और उनके लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाती है।

आपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सेना के शौर्य को

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा किये गये कायराना हमले के जवाब में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकी ठिकानो को ध्वस्त कर करारा जवाब दिया एवं अनगिनत आतंकवादियों को भी खाक में मिला दिया। आपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय भारतीय सेना की शौर्य पराक्रम एवं दूरदर्शिता के साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मजबूत नेतृत्व को जाता है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा आपरेशन सिंदूर की सफ्लता पर भारतीय सेना एवं प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु सिंदूर यात्रा का कार्यक्रम कल 21 मई शाम 5 बजे नगर निगम मुख्यालय से जयस्तम्भ चौक तक करने जा रही है। जिसकी तैयारी हेतु जिला कार्यालय एकात्म परिसर में बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में रायपुर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर जी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा साहू जी, सिंदूर यात्रा की जिला प्रभारी ममता साहू जी, महामत्री द्वय वंदना मुखर्जी, स्वपनिल मिश्रा सहित सभी जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

गायत्री चंद्राकर ने मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम की एमआईसी मेंबर गायत्री सुनील चंद्राकर ने कल रात टाटीबंध चैक से शास्त्री चैक तक शहर की स्वच्छता व्यवस्था हेतु मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जा रही सड़क सफाई प्रक्रिया को देखा और सफाई कर्मचारियों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान चंद्राकर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैकेनाइज्ड स्वीपिंग के दौरान गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मशीनों की नियमित देखरेख, समय पर संचालन और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए, जैसे कि कृ प्रमुख सड़कों के अलावा आंतरिक गलियों में भी मशीनों का उपयोग बढ़ाया जाए, और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। चंद्राकर ने यह भी कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत रायपुर शहर को स्वच्छता के मामले में शीर्ष स्तर पर लाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और जनता से फीडबैक लेकर सुधार की दिशा में कदम उठाएं।

प्री.बी.एड-प्री.डी.एल.एड प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने आज कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बीएड-डीएड की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करने अधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि परीक्षा दिवस से पूर्व परीक्षा कक्षों में रोशनी, पंखे, फर्नीचर, पेय जल व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें और साफसफाई का विशेष ध्यान दें। परीक्षा केंद्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की उचित व्यवस्था करें। परीक्षों केंद्रों में उपयुक्त व्यवस्था करें और सभी अभ्यर्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे।

प्री.बी.एड और प्री.डी.एल.एड प्रवेश परीक्षा 22 मई को : छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्री.बी.एड (क्रश्वस्त्र-25) और प्री.डी.एल.एड (ष्ठश्वस्ल्श्वष्ठ-25) प्रवेश परीक्षा 22 मई को 2 पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक संचालित की जायेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए अपर कलेक्टर नवीन कुमार ठाकुर को को-आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर, डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक और रोजगार अधिकारी केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

नौतपा का प्रकोप 24 से होगा शुरू

दो जून तक रहेगा प्रभाव

रायपुर/नवप्रदेश। सूर्य के रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही 24 मई से नौतपा प्रारंभ हो जाएगा। दूर दूर तक इसका प्रकोप रहेगा।

ज्योतिषार्चा के अनुसार 24 मई को सुबह 9.30 बजे आनंद आयोग के सहयोग से सूर्य रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा वैसे ही नौतपा प्रारंभ हो जाएगा। इसका प्रकोप 2 जून तक रहेगा। भीषण और तेज हवाएं चलने की भी जानकारी दी गई है। ग्रंथों के अनुसार सूर्य के दस अंश से लेकर 23 अंश तक रहने की स्थिति में अपनी प्रचंड उष्मा विकसित करता है। इसको नौतपा कहते हैं। नौतपा में प्रतिदिन गर्मी पड़ेगी और बूंदाबांदी होने की संभावना है। महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला के अनुसार यह मान्यता है कि नौतपा के दौरान बारिश होती है तो मानसून में कम बारिश होती है। यह मान्यता है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ज्योतिष गणना में नौतपा होता है लेकिन मौसम विज्ञान के अनुसार नौतपा का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने बताया कि एक द्रोणिका बनने के कारण मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है।

प्रतिबंधित टेबलेट के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा और देवेन्द्र नगर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 454 नग नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंधी शराब घाट पर प्रतिबंधत टेबलेट के साथ आरोपी वरूण सेंद्रे 24 वर्ष और प्रवीण केशरवानी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 272 नग नाइट्रोटेन टेबलेट जब्त किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी संजय सूर्यवंशी 32 वर्ष के पास से स्पास्मो प्रोक्सी 1 प्लस टेबलेट 182 नग जब्त किया है।

सुशासन तिहार स्थगित होने से पार्षदों एवं जनता में रोष

- जोन क्रमांक पांच के पश्चात जोन क्र. 6 का शिविर किया गया स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू हुआ सुशासन तिहार अब राजनीति का शिकार होता जा रहा है। दक्षिण तथा पश्चिम विधानसभा के प्रभावशाली नेताओं के कारण आज भी होने वाला सुशासन तिहार शिविर स्थगित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जोन क्रमांक पांच के अंतर्गत पश्चित तथा दक्षिण के वार्ड आते हैं। यहां पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के न आने के कारण अब सुशासन तिहार 26 मई को तेली भवन अश्वनी नगर में आयोजित किया जाएगा। सुशासन तिहार स्थगित होने पर पार्षद आशु चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने विरोध किया है। जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत टिकरापारा से संजय यादव हाल में आज सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था नगर निगम के पीआरओ के अनुसार यह कार्यक्रम स्थगित हो गया है। सुशासन तिहार के स्थगित होने से लोगों में निराशा व्याप्त है। इधर पार्षदों ने कहा कि सुशासन तिहार को लेकर जो राजनीति की जा रही है वह उचित नहीं है जिसमें राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड तथा अन्य महत्वाकांक्षी के कार्ड बनाए जाते है जिससे जनता लाभान्वित होती है।

नगर निगम द्वारा जोन क्रमांक दो तथा अन्य जोन के लिए सुशासन तिहार का आ योजन किया गया है जो कि सफल रहा। जोन क्रमांक 7 के लिए भी दिनदयाल ऑडिटोरियम में जो कार्यक्रम होने वाला था उसकी भी डेट शीघ्र बताई जाएगी।

शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज 22 को आएंगे रायपुर

- स्वामी शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती की मूर्ति का करेंगे अनावरण

रायपुर/नवप्रदेश। ज्योतिपीठाधीश्वर एवं द्वारिकापीठाश्वर के ब्रम्हलीन जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद महाराज की मूर्ति का अनावरण 22 को किया जाएगा। अनावरण समारोह के मुख्यमंत्री शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज 22 मई को रायपुर आ रहे हैं। मूर्ति का अनावरण सदानंद महाराज करेंगे। ज्योतिपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज उभयपीठ के सचिव ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज कार्यक्रम में शामिल होंगे। आश्रम के प्रभारी दंडी स्वामी इंदू भवानंद महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वारिका शारदापीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज भोपाल से नियमित उड़ान से सुबह 11 बजे बोरियाकला शंकराचार्य आश्रम पहुंचेंगे। 21 मई को ज्योतिपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती सड़क मार्ग से काशी से रायपुर आएंगे।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिक्षा विभाग की बैठक ली

- टीमवर्क और जवाबदेही के साथ काम करें शिक्षक-प्राचार्य : कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जे.आर. दानी कन्या विद्यालय में जिले के समस्त प्राचार्य और अधिकारियों की बैठक ली। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी प्राचार्य जवाबदेही और टीमवर्क के साथ काम करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं, हर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझे और रिजल्ट ओरिएंटेड कार्य करें।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने शिक्षकों को शाला में नियमित रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिया। शिक्षकों से उन्होंने कहा कि वार्षिक टाइम-टेबल बनाकर सिलेबस समय पर पूरा करें। शाला प्राचार्य अब बच्चों की कॉपी चेक करेंगे और जहां आवश्यकता होगी, सुझाव देंगे और बदलाव करेंगे।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी और कहा कि शिक्षकों को अच्छे परिणाम देने प्रोत्साहित करे ताकि रायपुर जिले का परिणाम बेहतर हो। बैठक में संयुक्त संचालक श्री राकेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल, शाला प्राचार्य और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

कैट ने केंद्रीय जीएसटी विभाग फिट इंडिया में निभाई सहभागिता

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट ने केंद्रीय जीएसटी विभाग के द्वारा आयोजित फिट इंडिया कार्यक्रम में सहभागिता दी!

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त ने कहा कि इस साइकिल मैराथन का उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस, जीएसटी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ती है, बल्कि सामाजिक एकजुटता भी सुदृढ़ होती है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) रायपुर द्वारा आज फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से एक भव्य साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया।

टूर में भेजने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। वियतनाम टूर भेजने के नाम पर 8 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पवन कुमार कांकरिया 43 वर्ष आईडीबीआई के सामने सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रेव ओरा ट्रेवल्स कंपनी का मालिक केतन सलूजा, करण सिंह और विहान ने प्रार्थी और उसके परिवार के सदस्यों को वियतनाम टूर भेजने के नाम पर 6 बार में 8 लाख 80 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मदिरा दुकान से 22 पेटी शराब पार

रायपुर/नवप्रदेश। मांढर स्थित कंपोजिट देशी मदिरा दुकान के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 22 पेटी शराब पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

छत्तीसगढ़ में बच्चों की शिक्षा अंधकारमय

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू जी ने छत्तीसगढ़ सरकार पर शिक्षा में की जा रही अनदेखी पर हमला बोलते हुए करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को बच्चों को अच्छी और गुणवत्ता शिक्षा कैसे दी जाए इसकी कोई चिंता नहीं है। राज्य सरकार सिर्फ शराब बिक्री में लगी हुई है, साय सरकार का एकमात्र ध्येय है कि शराब से ज्यादा से ज्यादा पैसा कैसे कमाया जाए, उन्हें प्रदेश की जनता के हो रहे घर बर्बाद से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि किस तरह छत्तीसगढ़ में एक अप्रैल 2025 से 67 नई शराब दुकानें खोल दी गयीं हैं। नई आबकारी नीति में नई दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रीमियम शॉप के संचालन की भी अनुमति दी गई है। नई 67 दुकानें खुलने से दुकानों की संख्या बढ़कर 741 हो गयी है।

अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर कार्यशाला का आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। पुण्यश्लोका महारानी अहिल्या बाई होलकर को 300 वीं जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के प्रत्येक राज्य के सभी जिलों में आयोजित करने जा रही है अहिल्या बाई होलकर जयंती पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है जिसमें कार्यशाला प्रमुख है विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा कार्यशाला के आयोजन के पश्चात अब जिलेवार कार्यशाला का आयोजन होना तय है इसी कड़ी में सोमवार राजधानी रायपुर स्थित एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

हमारी सुनो अध्यक्षजी ... चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से की मुलाकात, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

चेंबर पहुंचा प्लास्टिक निर्माता संघ और बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के रायपुर कार्यालय में प्लास्टिक निर्माता संघ और बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की।

इस दौरान सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

चेंबर अध्यक्ष ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की शक्ति सभी व्यापारी साथीगण है, हमारा प्रयास है कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए चेंबर को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकें जिससे चेंबर के सदस्यों की सभी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो तथा हम शासन और व्यापारियों के मध्य एक सेतु की तरह कार्य करते हुए सभी के हित में अधिक से अधिक कार्य कर सकें। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, उपाध्यक्ष शंकर बजाज जी, विकास आहूजा और दिलीप इसरानी जी साथ रहे। साथ ही बार एसोसिएशन से अधिवक्ता महेश कुमार शर्मा, सीए चेतन तारवानी, अधिवक्ता दयाल राजपाल, कर सलाहकार अखिलेश अवधिया, संतोष दुबे, सीए दिनेश तारवानी, सीए रवि ग्वालानी, मनीष बजाज, अधिवक्ता पलाश सोनी, सतीश तावनिया तथा प्लास्टिक निर्माता संघ से संतोष जैन विजय कुमार हेमानी, आशीष, लखन दस मलानी, प्रदीप जैन, रोहित टेकवानी, प्रणय खंडेलवाल जी, अजय पारख, लक्ष्मी प्रसाद, कैलाश किंजरानी, अनिल हेमानी, सुनील अंदानी, संतोष फगवानी, कृष्णा फगवानी, सुभाष जैन, संपत लाला जैन, अभिषेक जैन जितेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विपुल गोविंदनी, अजय टेकवानी, राजू चंदनानी, सुरेश सचदेव जी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार अंतर्गत बम्हनी समाधान शिविर में शामिल हुए वन मंत्री केदार कश्यप

कोंडागांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कोंडागांव विकासखंड के ग्राम बम्हनी में आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना भी उपस्थित थीं। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली और संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम बम्हनी में आयोजित समाधान शिविर में क्लस्टर अनुसार 20 गांवों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगे और समस्याएं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कई आवेदनों का त्वरित निराकरण के साथ शेष आवेदनों पर निराकरण आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के बाद की समय सीमा में की जाएगी। सुशासन तिहार में बम्हनी क्लस्टर अंतर्गत कुल 20 गांवों से कुल 02 हजार 891 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से अब तक 02 हजार 832 का निराकरण हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1,594 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1570 आवेदन निराकृत किया गया है।वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीगण विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वाधिक प्राथमिकता का कार्य राज्य के सभी जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के दूरस्थ अंचलों तक विकास के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर प्रयासरत है।

वन मंत्री ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ

समाधान शिविर में वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने समस्त ग्रामवासियों ने जल संरक्षण की महत्ता बताते हुए प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने और पारंपरिक जल स्रोतों की साफसफाई और संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग व श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद सदस्यगण श्रीमती लीलावती नाग, श्रीमती कमलेश्वरी सेठिया, श्री दीपेश अरोरा, श्री पवन कोर्राम, जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई तथा कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सर्व सरपंच, पंच एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित थे

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने समाधान शिविर में मंत्री केदार कश्यप को सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव/नवप्रदेश। वर्तमान समय में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्यौहार के अंतर्गत शासन की योजनाओं का लाभ एवं समस्याओं से अवगत होने विभिन्न स्तरों पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास कर सुशासन स्थापित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी इसी कड़ी में आज कोण्डागांव के बम्हनी में जलवायु परिवर्तन एवं वन मंत्री माननीय केदार कश्यप जी से छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने युक्तिकरण में व्याप्त विसंगति को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने समाधान शिविर में मंत्री केदार कश्यप को सौंपा ज्ञापन।इस दौरान मंत्री जी ने प्रतिनिधि मंडल को स्वयं बुलाकर इस संबंध में चर्चा किया एवं जो भी विसंगति है उसे माननीय मुख्यमंत्री जी एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकालने की बात कही।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव यशवंत देवांगन बस्तर संभाग के अध्यक्ष शिवराज सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष कौशल नेताम, कोंडागांव ब्लॉक अध्यक्ष सुकमन नेताम रामदेव कौशिक महेश कुमार पटेल चंदूलाल देशमुख झापेंद्र पिस्दा दस्सु राम बघेल दशरथ नेताम, फुलधर देवांगन ,जलन पटेल, रमेश कोर्राम कमलेश सिन्हा पिलसाय सोरी, गजेंद्र पांडे, दयावती सेठिया, कमला कोर्राम ,विनोद मरकाम, रतुराम कोर्राम, रामेश्वर बघेल, मंगल राम पोयम, भूपेंद्र साहू मूंगा टंडन, सुमित्रा बघेल, अनूप विश्वास, हितेंद्र श्रीवास, कामदास नरसिंग,मुकेश समरथ, ललिता समरथ, केमती साक्षी, रुक्मणी साहू, अनीता कोर्राम, गीता मरकाम, डमरू मरकाम ,चिंटू नेताम, रामलाल नेताम आदि उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में 07 हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राहियों ने जताई खुशी

कोंडागांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम बम्हनी में आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा 07 ग्रामीणों का श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन कर तत्काल श्रमिक कार्ड जारी किया गया। यह श्रमिक कार्ड छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत जारी किए गए। ग्राम बम्हनी के निवासी अम्लेश्वर पटेल, जयंत कुमार मंडल, कुंवर सिंह ठाकुर, गजो बघेल, चरण सिंह बघेल, उनीत पटेल और सुखनाथ सोड़ी ने शिविर में श्रमिक पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी का पंजीयन कर मौके पर ही श्रमिक कार्ड वितरित किए गए। श्रमिक कार्ड प्राप्त होने पर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। विशेष रूप से बच्चों को छात्रवृत्ति सहित मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना एवं श्रमिकों के लिए संचालित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

ग़ज़ल सम्राट पंकज उदास के जन्मदिन एवं पद्मभूषण मिलने पर कोंडागांव में खुशी मनाई

कोंडागांव/नवप्रदेश। ग़ज़ल सम्राट पद्मश्री पंकज उधास को भारत सरकार द्वारा 2025 में उनके संगीत में उपलब्धियों एवं कैंसर व थेलिमीसिया पीड़ितों के लिए उल्लेखनीय कल्याणकारी कार्यों के लिए पद्मभूषण पुरस्कार दिया गया ।

समाधान शिविरों में जनसंपर्क विभाग कर रहा है जनमन पत्रिका का वितरण

- जनजन तक पहुंचाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नारायणपुर जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित समाधान शिविरों में आमजन तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय नारायणपुर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। विभाग द्वारा शिविर स्थलों पर नियमित रूप से स्टॉल लगाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित छायाचित्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

इसी क्रम में छोटेडोंगर के हाई

स्कूल में आयोजित समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित अतिथियों, अधिकारी-कर्मचारियों और आम नागरिकों को मासिक पत्रिका जनमन तथा संवाद से समाधान पॉम्पलेट्स का वितरण किया गया। यह पॉम्पलेट्स नागरिकों को सरकारी योजनाओं, युवाओं का कल्याण, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, नियद नेल्लानार योजना, पंजीयन विभाग की 10 नई क्रांतियां, तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक में वृद्धि, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना, कृषक उन्नति योजना, श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की उपलब्धियों और जनहितकारी प्रयासों की जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की विभिन्न योजनाओं का संचालित करने के लिए छोटेडोंगर निवासी सरोज सलाम, निर्मला, देवशीला, पार्वती तथा बड़गांव की सविता भोयर और रैयमती यादव ने इन पत्रिकाओं और पॉम्पलेट्स के माध्यम से कई उपयोगी योजनाओं की जानकारी मिली है, जिनके बारे में वे पहले अनजान थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना बहुत उपयोगी और आवश्यक है।

गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का इलाज करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- बरसात के पहले पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान एवं दवाईया पहुंचाने के निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत किया गया। उन्होंने बैठक में शिविर में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने, समाधान शिविरों से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराने, आश्रम छात्रावास एवं आंगनबाड़ी निर्माणाधीन भवनों को शीघ्र पूर्ण करने तथा अधिकारी कर्मचारियों का सेवानिवृत्त पश्चात् संपूर्ण राशि भुगतान कराने के दिये निर्देश दिये। उन्होंने जिले के अंदरूनी गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का ईलाज करने एवं बरसात के पहले पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान एवं दवाईया पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ममगाईं ने स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिन्हांकित ग्रामों मे पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों को जल्द निराकरण कराने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत घमण्डी में शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं ग्राम पंचायत पल्ली के आश्रिम ग्राम बोथा के अंतर्गत ज्ञान ज्योती शाला मरसकोलपारा के प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य को पूर्ण करने, नियद नेल्लानार योजना में शामिल मसपुर के विकास कार्यों में आ रही बाधा को दूर करने सहित विभिन्न निर्देश दिए।

विधायक लता उसेंडी ने 107 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अपने कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर 1 .07 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम देउरबाल में 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम करंडी में 7 लाख रुपये से सामुदायिक भवन, ग्राम बीजापुर में 10 लाख रुपये से शेड तथा 4 लाख रुपये से 1.5 मीटर लंबी पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही बड़े सोहंगा के आश्रित ग्राम बेड़ागांव में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक भवन, अनंतपुर में 3 कार्यों हेतु कुल 11 लाख रुपये जिसमें देवगुड़ी 5 लाख, रंगमंच 2 लाख और संस्कृतिक भवन चार लाख शामिल है। वहीं ग्राम तोरण्डी में 60 लाख रुपये की लागत से गौरव पथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा हिरावंडी में 5 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच के निर्माण की शुरुआत की गई।

ये सभी कार्य कुल 8 पंचायतों में प्रस्तावित हैं और इनकी अनुमानित लागत 107 लाख रुपये है- इस अवसर पर सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा से काम करती रहेंगी।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

मुलेर, कुम्हाररास, पालनार और बारसूर के चयनित ग्रामों में होम-स्टे सेवा होगी प्रारंभ

- मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल करने के निर्देश
- आगामी मानसून के मद्दे नज़र बाढ़ आपदा बचाव एवं पूर्ण राहत कार्ययोजना से अवगत कराया गया विभागों को

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री द्वारा विगत प्रवास के दौरान की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं पर तुरन्त प्रभावी कार्यवाही किये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्रामों में आधार कार्ड एवं राशन कार्ड बनाये जाने हेतु शिविर लगाने हेतु शेड्यूल बनाकर युद्ध स्तर संबंधित विभाग क्रियान्वयन करें। इसके लिए डोर टू डोर सर्वे कराकर आवेदन लेने के प्रक्रिया प्रारंभ सहित जिन-जिन ग्रामों में आधार कार्ड प्रदाय में भारी अंतर परिलक्षित हो रहा है। उसे लक्षित करके शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाना विभागों की प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही राशन कार्ड बनाए जाने के प्रक्रिया छूटे हुए हितग्राहियों को विभागीय मॉनटरिंग किया जा कर त्वरित राशन कार्ड बनाये जाए। इन मूलभूत आवश्यकता वाले कार्यों को जिला स्तर पर स्वयं विभाग प्रमुख प्रतिदिन कार्य की प्रगति के संबंध में रिपोर्ट करेगें। इसके साथ ही नियद नेल्लानार के चिन्हित ग्रामों में संबंधित विभागों द्वारा किये जाने वाले विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हेतु व्यक्तिगत रूप से विभाग प्रमुख प्रगति का जायजा लेगें। साथ ही पेंशन प्रकरण एवं महतारी वंदन जैसे योजनाओं में हितग्राहियों को भुगतान हर महीने के 10 तारीख से पहले सुनिश्चित किया जाये। इस प्रकार शालाओं में भी मिड-डे-मिल प्रदाय, छात्राओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर भी विभागीय अधिकारियों की सतत निगरानी रहेगी।

इसके अलावा उन्होंने जिले के पंचायतों में प्रारंभ किये गये अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी सेवा केन्द्रों में सक्रिय रूप से हितग्राहियों को बैंकिंग, पेंशन सहित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य भुगतान संबंधी सेवाओं को कार्यशील करे।

सुशासन तिहार के समाधान शिविर हलामीमुंजमेटा में लक्ष्मण वड्डे को मिली व्हीलचेयर

- लक्ष्मण को व्हीलचेयर मिलने से आने-जाने में होगी सहयोग

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं की त्वरित सुनवाई और समाधान सुनिश्चित करना है।

इसी कड़ी में नारायणपुर जिले के ग्राम मरकाबेड़ा निवासी दिव्यांग लक्ष्मण

वड्डे ने सुशासन तिहार में व्हीलचेयर के लिए आवेदन दिया था। लक्ष्मण ने बताया कि बीमारी के कारण उनका दायां पैर संक्रमित होने के कारण वह चलने में असमर्थ थे, जिसके कारण उन्हें कही भी आने जाने और घर में हलचल करने में समस्या होती थी, जिसके लिए उन्होंने सुशासन तिहार में अपनी समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देते हुए जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उनकी समस्या का निराकरण किया गया। लक्ष्मण को 19 मई को हलामीमुंजमेटा में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम द्वारा कृत्रिम उपकरण व्हीलचेयर प्रदाय की गई।

व्हीलचेयर मिलने पर लक्ष्मण ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने आस-पास में आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने सुशासन तिहार में अपनी समस्या के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)

// निविदा सूचना //

क्रमांक/94/रा.वि.बा./2025 दुर्ग, दिनांक 15/05/2025

नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत निगम स्वामित्व स्थित नया बस स्टैण्ड दुकान के आबंटन राइट आफ आक्यूपेशंन हक पर दिए जाने तथा अधिकतम प्रब्याजी प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से बंद लिफाफे में आफर दिनांक 03/06/2025 को 5:30 बजे तक नगर पालिक निगम कार्यालय में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक 09/06/2025 को 4.00 बजे उपस्थित आफरकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त किया जावेगा। निविदा सीधे कार्यालय में नहीं लिया जावेगा।

निर्मित दुकान	दुकान क्र.	आरक्षण	क्षेत्रफल प्रति दुकान वर्गफीट	आफसेट मूल्य प्रति दुकान	अमानत राशि प्रति दुकान	लीज अवधि	मासिक किराया
नया बस स्टैण्ड बुकिंग कार्यालय	2	अनुसूचित जाति	127.5	6,34,835	63,483	15 वर्ष	1058
	4	अनुसूचित जन.जाति	127.5	6,34,835	63,483	15 वर्ष	1058

निविदा प्रपत्र नगर निगम की वेबसाइट http://municipalcorporationdurg.in/tander.html से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य व अमानत राशि का डी.डी. पृथक-पृथक संलग्न करना होगा।

दुकान के संबंध में अन्य जानकारी बाजार विभाग नगर पालिक निगम, दुर्ग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त

प्रथम पेज का शेष

सब गोलमाल है...एक ही भवन...

योजना के तहत स्कूलों को अपडेट करने की प्रक्रिया बेहद धीमी है। ऐसे में आगामी शुरू होने वाले शिक्षा सत्र में इसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पाएगा। जबकि इसके लिए प्रत्येक स्वीकृत शालाओं को 2-2 करोड़ रुपए की राशि भी जारी कर दी गई है। इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना यानी भवन आदि निर्माण कार्य की मॉनिटिरिंग करने में विभागीय अफसर फेल नजर आ रहे हैं। चौंकाने वाली बात है कि इसमें अधिकांश स्कूलों में भवन नहीं है। कहीं-कहीं तो शिक्षकों और स्कूल में स्टॉफ की कमी है। जिनकी भर्ती आदि की प्रक्रिया तक अभी नहीं शुरू नहीं हो पाई है। सूत्रों के मुताबिक गुणवत्तापूर्ण करा पाने में विभाग की लापरवाही सामने आ रही हैं। लैब-खेलकूद के मैदान अव्यवस्थित हैं या उसे अपडेट ही नहीं हो सका है। हालात इतने बदतर हैं कि पीने के पानी की व्यवस्था भी कई स्कूलों में नहीं हो सके हैं। हालात तो इतने खराब हैं, शौचलाय की व्यवस्था तक नहीं हैं। नए स्कूलों के छज्जे व सिलिंग और प्लास्टर टूटे हैं। महापुरूषों के चित्रों का रंगरोगन बाकी है। लैब में विज्ञान के संसाधनों के बजाए उसे स्कूलों में स्टोर रूम बना दिया गया है। दुर्ग-भिलाई सहित कई जिलों में यही कमोवेश हाल। राजधानी में भी एक पूर्ण आमापारा पीएम श्री स्कूल और दूसरा रायपुर शहर के किनारे सरोना आत्मानंद स्कूल जो पीएम श्री के रूप में अपडेट होने की प्रक्रिया में है, इन स्कूलों का नवप्रदेश की टीम ने निरीक्षण किया, जिसमें चौंकाने वाली खामियां मिली हैं।

दुर्ग-भिलाई, महासमुंद ...

पप्पू बंसल के यहां शराब से जुड़े मामले में पहले भी छापा पड़ चुका है।

जेल में बंद हैं कवासी लखमा

ईडी ने शराब घोटाले केस में 15 जनवरी को प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व उनसे दो बार ईडी ऑफिस में बुलाकर पूछताछ हुई थी। गिरफ्तारी के सात दिन बाद पहले आबकारी मंत्री लखमा को पहले ईडी ने सात दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। फिर 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड लिया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी।

स्वस्थ विश्व का...

हैं और इनको मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को शामिल करने के लिए बनाया गया है। भारत के पास हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नेटवर्क है। वे कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच और पता लगाते हैं। हजारों सार्वजनिक फार्मासिस्ट बाजार मूल्य से बहुत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराते हैं।

पता नहीं कब तक रहेंगी...

आज आ गई हूं अपने देश इंडिया/भारत। इस दौरान पाकिस्तान की आवाम से काफी मोहब्बत मिली। हमारे सबस्क्राइबर, फ्रेंडस भी हमसे मिलने आए। लाहौर घूमने के लिए मिला दो दिन का वक्त काफी कम था।

एनआईए ने ज्योति ...

पाकिस्तान जाने, उस वक्त पहलगाम जाने जब आमतौर पर वहां पर्यटक नहीं आते और आतंकी हमले की टाइमिंग को जोड़कर जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि एनआईए कई पहलुओं से जांच कर रही है।

शिक्षा ही जीवन की असली...

एक छात्र द्वारा सोशल मीडिया के प्रभाव पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, डिजिटल युग में अच्छाई को अपनाएं और बुराई से दूर रहें। नटवर स्कूल ही एकमात्र विकल्प था। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करने, कभी निराश न होने और परिश्रम को अपना मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया।

सामुदायिक संवाद का ...

का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का मुआयना किया और स्वयं अपने हाथों से भवन के कॉलम की तराई कर कार्य की मजबूती और पारदर्शिता का संदेश दिया।

सिविल जज बनने के...

अनुभव मिलना बेहद जरूरी है। सीजेआई ने कहा कि कई उच्च न्यायालयों ने अनुभव किया है कि युवा कानून स्नातकों को न्यायिक पदों पर नियुक्त करने से कई समस्याएं होती हैं। अदालत के कामकाज का प्रैक्टिकल अनुभव न्यायिक व्यवस्था की दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया जज एसोसिएशन की याचिका पर यह फैसला सुनाया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक : 03-Tender-El-CON-SECR-BSP-2025, तारीख- 13.05.2025.

निविदा मूल्य : रु. 4,89,61,230.95 ... बयाना राशि : रु.3,94,800/- ... 04.06.2025 को 15:30 बजे । निविदा खुलने का समय एवं दिनांक : 04.06.2025 को 15:45 बजे । ... www.ireps.gov.in ...

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)/मुख्या. सीपीआर/10/AM/62 द.पू.म.रेल्वे, बिलासपुर(छ.ग)

South East Central Railway @secrail

कोण्डागांव-नारायणपुर एनएच-130 के निर्माण में लापरवाही एवं अनियमितताएं उजागर

सड़क के विकास मॉडल पर लगा रहा हैं प्रश्नचिन्ह

■ अबूझमाड़ को मुख्यधारा से जोड़ने वाली सड़क कहीं बन न जाए अभिशाप

नारायणपुर/कोण्डागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में बहुप्रतीक्षित कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रीय जनता, सामाजिक संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों की चिंताएं गहराने लगी हैं। यह सड़क एक ओर जहां अबूझमाड़ के घने जंगलों में बसे गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़ेगी, वहीं दूसरी ओर इसके निर्माण में जिस स्तर की अनियमितताएं उजागर हो रही हैं, वह पूरे सड़क विकास मॉडल पर प्रश्नचिन्ह लगा रही हैं।

इस परियोजना की कुल लंबाई 48 किलोमीटर है, जिसे 147.70 करोड़ की लागत से मेसर्स गणेश प्रसाद खेतान नामक एजेंसी के माध्यम से निर्मित किया जा रहा है। निर्माण में 69 पुलिया और 10 माइनर पुल शामिल हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि निर्माण स्थलों पर तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। पुलियों में 10-12 एमएम मोटाई के सरिए का प्रयोग किया जा रहा है और दो सरियों की दूरी कहीं 10 तो कहीं 12 इंच तक रखी जा रही है—जो संरचनात्मक मजबूती के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में सीमेंट, रेत और गिट्टी के अनुपातों में भी गंभीर गड़बड़ी की जा रही है। 1 बोरी सीमेंट में 30 तगाड़ी रेत और 20 तगाड़ी गिट्टी मिलाकर बेस तैयार किया जा रहा है, जिससे सड़क की उम्र बहुत सीमित हो सकती है। स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब ठेकेदार द्वारा अब तक निर्माण स्थल पर कोई सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है।

डायवर्सन रूट से हर दूसरे दिन हो रहे हैं वाहन दुर्घटनाग्रस्त

नारायणपुर से कोंडागांव राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 130 के निर्माण में 48 किमी के सड़क कार्य में 69 पुलिया और 10 माइनर पुल शामिल है जिसमें से 50 फीसदी पुलिया का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसमें ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रखते हुए पुलियों का निर्माण करने के लिए डायवर्शन मार्ग तैयार किया गया जिसमें केवल मुरूम तो कही मिट्टी एवं गिट्टी डालकर आने जाने के लिए मार्ग तैयार किया गया है विभागीय सूत्रों की प्राप्त जानकारी अनुसार डामरीकृत डायवर्शन मार्ग तैयार किया जाना था लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही करते हुए कच्चा सड़क तैयार किया गया है जिसके चलते रोजाना वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है अभी मानसून प्रारंभ होने में थोड़ी देर है लेकिन बेमौसम की कुछ घंटों की बारिश में सड़क में दलदल हो जा रहे है इस रोड से रोजाना नारायणपुर जिले की माइंस की लगभग 800 ट्रक आवाजाही करते है हर दूसरे दिन कोई न कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त एवं ट्रक पलटने की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होते है जिसके कारण रोड में घंटों जाम लगे रहते है, स्थानीय एवं अन्य परिवहन संघों को अभी से बारिश की चिंता सताने लगी है अभी कुछ घंटों की बारिश में सड़क इतनी जानलेवा हो जा रही है न जाने बारिश के दौरान क्या हाल होगा जिले एवं अन्य जिले के ट्रकों का अभी पुलिया निर्माण का 10 फीसदी भी काम पूरा नहीं हुआ है बारिश से पहले पुलिया पूरी होने की भी कोई संभावना भी नहीं लग रही है।

जनता की अपील : हो उच्चस्तरीय जांच

स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों रितेश पटेल महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, एवं जिलाध्यक्ष सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोण्डागांव, मंगलु नेताम पूर्व सदस्य मंडी बोर्ड एवं अनिरुद्ध नेताम पूर्व सरपंच उमरगांव÷ब÷ और समाज सेवक व एडवोकेट तिलक पांडे व सामाजिक संगठन के मोहम्मद शकील सिद्दीकी आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने इस पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्य की गुणवत्ता पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह सड़क कुछ ही वर्षों में बदहाल हो जाएगी और करोड़ों रुपये की यह परियोजना जनता के लिए कोई स्थायी लाभ नहीं दे पाएगी।

गुणवत्ता सुधारने निर्देश दिया गया है- एसडीओ का पक्ष

राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के एसडीओ जीवन नेताम ने बताया कि ठेकेदार को सूचना पटल लगाने और गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य विभागीय स्वीकृति के ड्राइंग और इस्टीमेट के अनुसार कराया जा रहा है, जिसमें सरिया की दूरी एस्टीमेट के हिसाब से अंदर साईड 200 एमएम यानी की 8इंच और बाहर साईड 210 एमएम होना चाहिए, लेकिन मीडिया द्वारा जानकारी मिली है कि 11इंच से 12इंच तक लगाए जा रहे है। जिसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद जांच जरूरी हो गई है।

प्रशासन और विभागीय तंत्र की निष्क्रियता

ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारी आंख मूंदकर निर्माण को अनदेखा कर रहे हैं। खनिज अधिकारी गौतम नेताम का कहना है कि उनके पास स्टाफकी कमी है और अकेले होने के कारण वे कार्रवाई नहीं कर पाते। कई बार प्रशासनिक सहयोग भी नहीं मिल पाता। यह जवाब दर्शाता है कि सिस्टम में जिम्मेदारी का अभाव है।

खनिज संसाधनों की लूट भी चरम पर

निर्माण एजेंसी द्वारा माइनिंग विभाग से अनुमति लिए बिना आसपास के क्षेत्रों से मुरूम, मिट्टी और रेत का अवैध दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरणीय संतुलन को तो खतरा है ही, साथ ही कई गांवों में खतरनाक गहरे गड्ढ़े बन चुके हैं। जोंदरापदर के सरकारी स्कूल के पास 25 फीट गहरे गड्ढ़े से बच्चों की सुरक्षा पर संकट खड़ा हो गया है।

विधायक विक्रम उसेंडी पहुंचे दुमहानी नदी पर बना पुराना क्षतिग्रस्त एनीकेट को देखने

विभाग को जल्द मरम्मत करने कहा

नवप्रदेश खबर का असर

अंतागढ़/नवप्रदेश। 15 वर्ष पुराने एनीकेट की सुध लेने पहुंचे विधायक फिर एक बार नवप्रदेश समाचार पत्र पर मोहर लगा है अंतागढ़ दुमहानी बड़े पुल में बने एनीकेट क्षतिग्रस्त होने की खबर नवप्रदेश में 18 तारीख को खबर प्रकाशित हुआ था जहां आज विधायक विक्रम उसेंडी ने संज्ञान लेते हुए दुहमानी नदी में बने एनीकेट को देखने पहुंचे और जहां क्षतिग्रस्त हुए एनीकेट में पानी का रिसाव होना बताया गया तथा पुराना एनीकेट होने से जर्जर भी हो चुका है जिसको मरम्मत करने की जरूरत है अभी पानी रिसाव को मरम्मत करने वहां मौजूद अंतागढ़ जल संसाधन विभाग के एसडीओ तेजसिंह नेताम को कहा जिस पर एसडीओ ने तुरंत काम करने की बात कही वही विभाग में फंड नहीं होने का भी बताया जिस पर विधायक ने फंड जल्द लाने की बात कही इस दौरान जल संसाधन विभाग के इंजिनियर खांडेकर भी मौजूद रहे ।

गौरतलब है कि अंतागढ़ बड़े दुमहानी नदी के नीचे बने एनीकेट का निर्माण करीब 15 वर्ष पहले हुआ था जो आज क्षतिग्रस्त हो चुका बने एनीकेट से पानी का रिसाव हो रहा था जिसको पुनः मरम्मत करने की आवश्यकता थी किन्तु संबंधित विभाग कहे या जनप्रतिनिधि का इस ओर ध्यान नहीं था जिसको देखते हुए 18 तारीख को नवप्रदेश में खबर प्रकाशित किया गया कि क्षतिग्रस्त एनीकेट का मरम्मत नहीं किया जाता तो वह कभी भी ढह सकता है जब खबर छपी तो विधायक विक्रम उसेंडी ने संज्ञान में लेते हुए 20 को एनीकेट पहुंच जायजा लिया और क्षतिग्रस्त डेम में पानी रिसाव को बरसात के पहले मरम्मत करने अंतागढ़ जल संसाधन विभाग एसडीओ को कहा अंतागढ़ में बने एक मात्र जल स्तर का स्रोत यही एनीकेट है।

अंतागढ़ दुमहानी नदी पर पुराना एनीकेट क्षतिग्रस्त, मरम्मत की जरूरत

वही जल संसाधन विभाग एसडीओ तेजसिंह नेताम ने बताया कि अभी पानी का रिसाव को हम मरम्मत करवा देंगे लेकिन 15 साल पुराना एनीकेट क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसका मरम्मत के लिए विभाग में फंड नहीं है इस पर विधायक का कहना था कि इस वर्ष निकल गया बारिश भी सामने है तो अगले सत्र में इसका फंड लाकर मरम्मत कार्य किया जाएगा।

पारधी समाज ने भावी पीढ़ी की पढ़ाई के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने कलेक्टर से लगाई गुहार

■ 70साल बीत गया अब तक नहीं बने अनु. जनजाति के जाति जल्द संज्ञान ले प्रशासन : भास्कर

कांकेर/नवप्रदेश। मंगलवार को जनदर्शन में ग्राम पंचायत नवागांव भावगीर के आश्रित ग्राम घोटिया के पारधी पारा के लोगो ने कलेक्टर जिला पंचायत सदस्य सुश्री मृदुला भास्कर के नेतृत्व में समाज जनों की उपस्थिति में जाति प्रमाण पत्र की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने पश्चात जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर और पारधी पारा के ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी ग्राम पंचायत नवागांव भावगीर आश्रित ग्राम घोटिया (पारधीपारा में विगत 60-70 वर्षों थे। निवासरत है। लेकिन इन 60=70 सालों में आज पर्यंत तक हमारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिसके कारण पारधी समाज की वर्तमान पीढ़ी जा को जाति प्रमाण पत्र नहीं होने से शिक्षा वंचित होना पड़ रहा है। पारधी समाज ने आगे बताया कि हम सभी पारशी समुदाय के महार जाति (अनु.जनजाति) में अंतर्गत आते है। पारधी समाज ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए कहा कि हम सभी महार जाति के आधार के अनुसार (अनु. जनजाति) हमे जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने की मांग किया गया है। समाज जनों ने यह भी बताया कि जाति प्रमाण पत्र मिलने से हमारे समुदाय के भावी पीढ़ी शिक्षा से वंचित नहीं हो पाएगा।

जाति प्रमाण पत्र की मांग को लेकर पहुंचने वालो में जिप सदस्य मृदुला भास्कर पवन कांगे भगवान सिंह शोरी उमेंद्र सिलेश जानकी सुखलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (NMMSE) में जिले के 356 छात्र चयनित

■ कांकेर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर

■ विकासखंड दुर्गूकोंदल से सर्वाधिक छात्र चयनित हुए

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में आयोजित राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य परीक्षा में जिले के 356 छात्र चयनित हुए है जो छत्तीसगढ में सर्वाधिक संख्या है ज्ञात हो कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भारत सरकार द्वारा आयोजित एनएमएमएससी परीक्षा में जिले ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है अवगत होंगे कि प्रारंभ से ही इस प्रतियोगी परीक्षा हेतु सुक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं कार्यरत शिक्षकों को परीक्षा के महत्व को बताया गया कि कैसे कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु प्रेरित किया गया इसमें पालकों से भी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु सहयोग लिया गया। कार्ययोजना के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय के प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित कर ऐसे सभी बच्चों से परीक्षा फार्म भराया गया जो निर्धारित आहर्ता रखते हो इस परीक्षा को कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र ही भर सकते है जिसके लिए पालक की आय 3.50 लाख से अधिक नही होनी चाहिए इसे केवल शासकीय विद्यालयों के छात्र ही भर सकते है इस परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 09वीं से 12वीं तक प्रत्येक माह 1 हजार रू की छात्रवृत्ति शासन द्वारा प्रदाय किया जाता है इससे गरीब तबके के छात्रों को आर्थिक मदद प्राप्त होती है स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रारंभ से ही इस ओर ध्यान दिया और शिक्षकों को प्रशिक्षीत कर विद्यालयों में ही प्रत्येक दिवस बच्चों को निर्धारित समय पर परीक्षा की तैयारी कराई गई। जिले में सत्र 2022-23 में पहली बार 135 छात्र, 2023-24 में 526 छात्र पूर्व सत्र में ही चयनित हुए इस सत्र में 356 छात्रों का चयन होना रिकार्ड है ये सभी बच्चे जिले के विभिन्न स्कूलों के गरीब बच्चे है इनके लिए 1 हजार प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलने से ना केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में सहायक होगा बल्कि आत्मनिर्भर होकर नियमित रूप से अध्यापन जारी करने में भी सहायक सिध्द होगा।

जिले में संचालित हमर लक्ष्य कार्यक्रम में गति लाने हेतु एनएमएमएससी परीक्षा हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में विभाग द्वारा पिछले 10 वर्षो के प्रश्न पत्र हल कराने हेतु छात्रों को अभ्यास कराया गया इसके साथ ही छात्रों को ओएमआर शीट के माध्यम से नियमित रूप से प्रत्येक शनिवार टेस्ट का अभ्यास कराया गया इसके साथ साथ ही जिला स्तर से प्रश्न पत्र तैयार कर ओएमआर शीट के माध्यम से मॉक टेस्ट लिया गया तथा शिक्षकों से मूल्यांकन कराया गया कमजोर छात्रों पर और अधिक ध्यान दिया गया ओएमआर शीट में होने वाली छोटी छोटी गलती को ध्यान में रखकर बच्चों को अवगत कराया गया। नियमित रूप से मानिटरिंग एवं सुपरविजन का कार्य कर अपेक्षित परीक्षा परिणाम लाने का प्रयास विभाग द्वारा किया गया।

जिला कांकेर में पहली बार 5226 छात्रों से फार्म भराया गया था जिले में 14 परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया था सभी विकासखंड मुख्यालयों में परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया था जिसमें से 5165 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 2919 छात्र उत्तीर्ण हुए उत्तीर्ण छात्रों में से 356 छात्रों का चयन छात्रवृत्ति हेतु हुआ है। इस परीक्षा में जिले का कोटा वर्गवार होता है जिसके आधार पर रिजल्ट घोषित किया जाता है, सत्र 2024-25 में चयनित छात्रों में विकासखंड अंतागढ से 13 छात्र, भानुप्रतापपुर से 44 छात्र, चारामा से 38 छात्र, दुर्गुकोंदल 143 छात्र, कांकेर 20 छात्र, कोयलीबेडा 60 छात्र, नरहरपुर 38 छात्र कुल 356 छात्र चयनित हुए हैं।

जीएसटी विभाग और व्यापारियों की खींचतान खत्म

■ व्यापारी प्रतिनिधि मंडल और जीएसटी टीम की बैठक के बाद व्यापारियों को मिली राहत

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यालय में बीते 5 दिनों से जीएसटी विभाग ने ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों के ईवे बिल का समय अवधि खत्म हो जाने सहित कांकेर नगर के व्यापारियों के बिल में त्रुटि होने की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए जीएसटी कार्यालय में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल सहायक आयुक्त जीएसटी अचला गिरी से मुलाकात किया।

व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ चैंबर के उपाध्यक्ष अशोक राठी मुकेश खटवानी सलाहकार छग हाजी वली मोहमद राजकुमार फब्रीयानी अशोक वलेचा कांकेर चैंबर के उपाध्यक्ष राकेश आहुजा रवि लालवानी व्यापारी मोहम्मद शरीफ अनिल लोहनी श्याम कार्तिक जन सहयोग संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने जीएसटी विभाग की सहायक आयुक्त अचला गिरी से सहानुभूति पूर्वक चर्चा किया गया इसके बाद वाहनों के बचे टैक्स को जमा करने पश्चात वाहनों को छोड़ दिया गया।इस दौरान जीएसटी विभाग की ओर से व्यापारीयो को शासन के नए नियमों की जानकारी हेतु जीएसटी संबंधित कार्यशाला का आयोजन किए जाने की बात कही गई ताकि जीएसटी विभाग की ओर से जारी नियम निर्देश व व्यापारियों के लिए नई योजना से अवगत हुआ जा सका इस दौरान व्यापारी एवं जीएसटी विभाग की साकारात्मक चर्चा संपन्न हुई। जीएसटी और व्यापारियों के बीच आ रही समस्या के निराकरण के लिए प्रतिनिधि मंडल अमर परवानी को विशेष धन्यवाद दिया है जिनके प्रयास से आज व्यापारी की समस्या का सफलता पूर्वक समाधान हुआ।

पैराडाइज स्कूल में समर कैम्प का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

■ समाजसेवी पप्पू मोटवानी समापन के मुख्यअतिथि हुए शामिल

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई स्कूल में 1मई चल रहें क्रिएटिव समर कैम्प का समापन समारोह 20 मई को संपन्न हुआ। समापन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित राजीवलोचन सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष, अजय पप्पू मोटवानी पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष जनसेवी समाज संस्था टेश्वर जैन भूतपूर्व सैनिक सजंय कुजाम जनसेवी समाज संस्था कार्यकर्ता समर कैम्प के प्रतिभागी छात्र एवं पालक तथा शिक्षकों की उपस्थिति में माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं समर कैम्प के प्रतिभागियों द्वारा गाये सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत गीत के पश्चात योग मंत्र पर आधारित गीत पर प्रतिभागियों के द्वारा योगा प्रस्तुत किया गया। जिससे समर कैम्प मे सीखें योग के विभिन्न आसनो को गीत के साथ प्रस्तुत किया गया।

समर कैम्प में सीखे स्पोकन इग्लिश को बच्चों ने अंग्रेजी में बातचीत करने की कला को प्रस्तुत किया।समर कैम्प डांस के प्रतिभागी दिशा साव यशस्वी पोरते देवांशी यादव नेहल नेमाम आव्या मिश्रा पायल पटेल तौम्याश्री साहू आदि ने इस कार्यक्रम में समर क्लास मे सीखे नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस समर कैम्प में शिक्षक निशा जायसवाल के द्वारा कैनवा डिजाइन की भी प्रशिक्षण दी गई जिसमे बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाने की कला सीखी।इस समर कैम्प मे संगीत एवं वाद्य यंत्र बजाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।जिसमें मुकुंद नाविक, वैभवी मिनपाल अनुभव कौशिक, दीक्षांत साहू, वेधान्त सहरे, रूद्रांश प्रजापति अवनिष सिंह शिवांग यादव मो.शेख दबीर आदि प्रतिभागियों ने निपूर्णता पूर्वक संगीत वाद्य यंत्र बजाकर व कार्यक्रम में संगीत दिया।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल आज और कल रहेंगे कांकेर प्रवास पर

■ कलेक्टर ने बैठक लेकर सौंपे गए दायित्वों का अक्षरशः पालन करने के दिए निर्देश

■ जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका आगामी 21 एवं 22 मई को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री डेका के दो दिवसीय प्रवास के दौरान समस्त प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

कलेक्टर ने आज सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सौंपे गए दायित्वों का अक्षरशः पालन करने तथा सतर्कता व सजगता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्यपाल के प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया।

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम घुपसाल कु. में समाधान शिविर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत घुपसाल कु. में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में आमगांव छु, बम्हनीचारभाठा, भकुर्रा, बूचाटोला, दामाबंजारी, गेरूघाट, घोटिया, जयसिंगटोला, कल्लूबंजारी, केशोटोला, कुहीकला, लाममेटा, मासुल, मेटेपार, टिपानगढ़ के ग्रामीणों से शिकायत एवं मांगों से संबंधित आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों को प्राप्त कुल 2220 आवेदन का निराकरण किया गया। जिनमें से 2189 आवेदन मांगों एवं 31 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का ग्रामीणों की उपस्थित में निराकरण की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र व नवीन जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राविंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया।महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं नन्हे बच्चों का अन्नप्रसान भी कराया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य,बालमुकुंद कुंजाम,ओम प्रकाश चन्द्रवंशी, एकांत चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी मण्डावी, भेष बाई साहू एवं उतरा निषाद, सदस्य जनपद पंचायत छुरिया तथा सम्मिलित ग्राम पंचायतों समस्त सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि, तहसीलदार कुमर्दा श्रीमती अकांक्षा साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक-एक मॉडल ग्राम होगा विकसित

कवर्धा/नवप्रदेश। शासन के दिशा-निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक मॉडल ग्राम चयनित कर उन्हें विकसित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया से मोहगांव, विकासखंड कवर्धा से बिरकोना, विकासखंड लोहारा से राजपुर और विकासखंड बोड़ला से बेन्दरची को चयनित किया गया है। इन ग्रामों को आदर्श मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास किए जाएंगे। इन कार्यों में विशेष रूप से विभिन्न गतिविधियाँ की जाएगा। जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत घर-घर कचरा संग्रहण के लिए महिला स्वच्छग्राही का चयन, कचरा संग्रहण के लिए ट्रायसाइकिल की व्यवस्था, महिला समूहों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना, सामुदायिक शौचालय एवं उनके समुचित उपयोग की व्यवस्था, सामुदायिक सोख्ता गड्ढा, नाडेप, सेग्रीगेशन शेड का निर्माण एवं रख-रखाव, ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देना, शौचालय विहीन बड़े परिवारों हेतु शौचालय निर्माण और कचरा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता कार्य किए जाएंगे। मनरेगा योजना के तहत सेग्रीगेशन शेड, रेट्रोफिटिंग कार्य, सोख्ता गड्ढा एवं कंपोस्ट पिट का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना, अन्य समन्वित कार्य ग्राम सभा के एजेंडे में ओडीएफमॉडल ग्राम की घोषणा की जाएगी। 15वें वित्त आयोग की स्वच्छता टाइड फंड राशि का स्वच्छता कार्यों में उपयोग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सामुदायिक शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्कूल शिक्षा विभाग के तहत बच्चों को शौचालय उपयोग की शिक्षा, स्कूलों में हाथ धुलाई एवं सूखा/गीला कचरा पृथक रखने हेतु डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वच्छग्राही समूहों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हेल्थ कार्ड बनवाना, मितानिनों के माध्यम से कचरा पृथकरण पर जागरूकता, महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालयों की सफाई एवं स्थिति का अवलोकन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर कचरा पृथकरण के लिए प्रचार-प्रसार और श्रम विभाग के तहत स्वच्छग्राही महिलाओं को श्रम कार्ड बनवाने के लिए पहल की जाएगी।

232 पदों के लिए 23 मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 23 मई 2025 दिन शुक्रवार को 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलर्ट एस.जी.एस. प्राईवेट लिमिटेड, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव प्वाईंट, फ्ल मार्केट के पास, लालपुर, रायपुर द्वारा पद सिक्यूरिटी गार्ड (पुरूष) के 212 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 02 पद, मार्केटिंग (पुरूष) के 03 पद और सुपरवाईजर के 15 पद पर भर्ती किया जाना है। उक्त समस्त पदों हेतु कार्यक्षेत्र रायपुर, नया रायपुर, सिलतरा है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, 1 पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है।

निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय की प्रतिबद्धता के सात पूरा हो

गुणवत्ता के साथ हो सड़क निर्माण, कलेक्टर वर्मा ने खुदाई कर जांची कार्य की मजबूती

■ ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बन रही 11 करोड़ रूपए की सड़क का किया निरीक्षण, गुणवत्ताहीन कार्यों पर दी सख्त चेतावनी

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज सोमवार को ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक 11 करोड़ रूपए की लागत से बन रही 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क एवं नाली निर्माण की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा स्वयं सब्बल से खुदाई कर निर्माण सामग्री की मजबूती परखी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने एक टीम गठित कर कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

यातायात, व्यापार और जीवनशैली को मिलेगा नया आयाम

सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से शहरवासियों को ट्रैफिक्र जाम की समस्या से राहत मिलेगी, साथ ही हाईटेक बस स्टैंड तक सुगम पहुँच भी सुनिश्चित होगी। यह मार्ग स्कूली छात्रों, व्यापारियों, यात्रियों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से न केवल शहर का यातायात तंत्र सुदृढ़ होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जुड़ने वाले मार्गों की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी।

समृद्ध और सुव्यवस्थित कवर्धा की दिशा में अग्रसर शहर

कबीरधाम जिले का प्रमुख नगर कवर्धा अब "समृद्ध कवर्धा - सुव्यवस्थित कवर्धा" मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री श्रविजय शर्मा के मार्गदर्शन में शहर को सुव्यवस्थित, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक चौड़ी और पक्की सड़क निर्माण एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

प्रधानमंत्री आवास के तहत हुआ मकान का सपना पूरा

धमतरी/नवप्रदेश। आज और कल लोगों की बुनयादी सुविधाओं में से एक है पक्का मकान का होना। एक ग्रामीण गरीब परिवार के लिए आवास सुविधा उपलब्ध हो जाने से उसे आर्थिक सुरक्षा के साथ ही सामाजिक मान-मर्यादा एवं प्रतिष्ठा भी मिलती है। गांव हो या शहर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास बनाना आसान हुआ है। इस योजना में अधिकतर कार्य श्रम-मूलक होने के कारण ग्रामीण जॉबकार्डधारी परिवार को भी अधिक से अधिक रोजगार मिले इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का अभिसरण महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना अंतर्गत 90 मानव दिवस के साथ किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से - सनत कुमार पिता घासी राम को पक्के मकान की सौगात से सपना साकार हो गया है। यह कहानी जिला मुख्यालय से - 65 कि.मी. दूरी पर बसे ग्राम - गिधावा विकासखण्ड - नगरी जिला धमतरी की निवासी सनत कुमार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। इनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर होने से इनके लिये मकान बनाना सम्भव नहीं था। इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण हेतु राशि 1 लाख 20 हजार रुपये की स्वीकृति मिली। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 90 मानव दिवस का काम मिला।निर्मित आवास में आज वह अपने पूरे परिवार के साथ निवास कर रहे हैं।

विशाल ठाकुर बने प्रेस क्लब के अध्यक्ष व विक्रांत महासचिव

धमतरी/नवप्रदेश। प्रेस क्लब धमतरी का चुनाव प्रेस क्लब भवन में रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें विशाल ठाकुर अध्यक्ष निर्वाचित हुए अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार विशाल ठाकुर और प्रेम मगेंद्र थे। वही विक्रांत शर्मा निर्विरोध महसचिव चुन लिए गये। मतदान सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ जो दोपहर 2 बजे तक चला। चुनाव को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। भोजन के बाद मतों की गिनती की गई। इस चुनाव में विशाल ठाकुर को 24 मत मिले वहीं प्रेम मगेंद्र को 10 वोट मिले। इस तरह विशाल ठाकुर 14 मतों से जीत दर्जकर प्रेस क्लब अध्यक्ष चुने गए। ज्ञात हो कि विशाल ठाकुर पूर्व में जिला महासचिव का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं जिसका पूरा लाभ मिला। चुनाव अधिकारी दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार रंजीत भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि जिस विश्वास के साथ सदस्यों ने अपना स्नेह देकर यह दायित्व सौंपा है, उसे वे कायम रखेंगे। उन्होंने सभी को साथ लेकर पत्रकारों एवं संगठन हित में कार्य करने की बात कही। चुनाव अधिकारियों ने अध्यक्ष एवं महासचिव को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष, महासचिव ने मां विंध्सवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मेघराज ठाकुर, एमए फहीम, दीप शर्मा, मोहम्मद शाह अहमद, सुनील शर्मा, राजेंद्र माहेश्वरी, प्रेम मगेंद्र, आशीष मिन्नी, राजेश रायचुरा, सुभाष साहेब, नरेश श्रोती, उमेश बशिष्ट, पवन तिवारी, राज सोनवानी, सत्येंद्र शर्मा, कमलेश पांडेय , संजय जैन, नरेश राखेचा, रामकृष्ण ठाकुर, जुनैद रिजवी, लोकेश साहू, मोइन खान, डॉ. भूपेंद्र साहू, दिलीप देवांगन, यशवंत साहू, राजू देवांगन, संतोष सोनकर, दीप नारायण शर्मा, बसंत सचदेवा, दीपेश देवांगन, दिनेश देवांगन, चंद्रकांत साहू, पव पवन साहू, माधवेन्द्र हिरवानी सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

नि :शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए 30 मई तक आवेदन आमंत्रित

कसडोल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् जिले के युवाओं के लिए बलौदाबाजार में संचालित कोर्स जनरल ड्युटी असिस्टेंट, सोलर पेनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, गुड सर्विस टैक्स, जल वितरण संचालक, योगा इंस्ट्रक्टर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, फिश सीड ग्रोवर, गार्डनर एवं भाटापारा में संचालित कोर्स मोबाईल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, रिटेल सेल्स एसोसिएट, कोर्स मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिग उपरोक्त कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दी जायेगी।

परिवार के साथ जी रहे सुकून की जिंदगी

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत-मोंहदी निवासी श्री ओमप्रकाश साहू पिता श्री गुरुशरण साहू जो कि पूर्णतः मजदूरी कर जीवन यापन करते थे। ओमप्रकाश पक्के मकान की कल्पना भी नहीं कर सकते थेइ। कच्ची छत के नीचे निवास करने वाले ओमप्रकाश बरसात के पहले छप्पर वाले छत का मरम्मत नहीं करा पाते थे। वह पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लाभान्वित किये जाने की मांग बार-बार करते थे अब उनका यह सपना साकार हुआ है प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में निर्मित पक्के आवास में अब वह अपने पूरे परिवार के साथ सुकून की जिंदगी जी रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुझ गरीब के लिये वरदान साबित हुई है। कभी कच्ची छत की मरम्मत तक न करा पाने वाले मैं आज पक्की छत के नीचे चौन से सो रहा हूं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति हृदय धन्यवाद।

अहिल्याबाई होलकर जयंती पर भाजपा मनाऐगी त्रि-शताब्दी समारोह

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी त्रि-शताब्दी समारोह के रूप में भव्य आयोजन करेगी। इस अवसर पर 21 से 31 मई तक जिला मुख्यालय सहित मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य वक्ता रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीराम साहू, राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश साहू सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विधायक मोतीराम साहू ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं। जीवन में आई तमाम कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपने कर्तव्यों से कभी पीछे नहीं हटते हुए समाज सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। उन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, रोजगार को बढ़ावा देने, मंदिरों का जीर्णोधार करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। वहीं राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन न्याय, सेवा और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कई जागरूकता अभियान चलाए, जनसुनवाई व्यवस्था को सशक्त बनाया, विधवाओं को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी अहिल्या बाई के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है।

पुण्यश्लोका... **लोकमाता को उनके ससुर मल्हार राव जी ने जनता की सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने की प्रेरणा दी**

राजमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती पर कार्यशाला का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पुण्यश्लोका शिवकामिनी महादेवी रानी अहिल्याबाई होलकर जी के 300 वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित होना है। जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी द्वारा कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया है। जिसमे मुख्यवक्ता के रूप में शंकर अग्रवाल शामिल साथ ही भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी के महापौर रामू रोहरा, ओबीसी आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस, राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, जन्म जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक शशि पवार मंच पर उपस्थित थे। कार्यशाला के मुख्यवक्ता शंकर अग्रवाल ने पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन के प्रेरणादायक घटनाओं की जानकारी दी कैसे पति की मृत्यु उपरांत सती होने जा रही लोकमाता को उनके ससुर मल्हार राव जी ने रोका और उन्हें जीवन मे जनता की सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने की प्रेरणा दी। ससुर के जाने के बाद कैसे महारानी अहिल्याबाई होलकर ने शासन संभाला और राज्य का सर्वांगीण विकास किया।

देव देवालय बनाये घाटों का निर्माण कराया, वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किया और विश्वविख्यात महेश्वरी साड़ी उद्योग की नींव रखी। उन्होंने बताया कि जीवन को आम जनमानस को समर्पित कर एक महान उद्देश्य की पूर्ति की। वो एक न्याय प्रिय शासिका थी जिसने कैसे न्याय के लिए अपने ही पुत्र को मृत्युदंड तक दे डाला था उनसे हमे सीखने की आवश्यकता है। प्रदेश महामंत्री व धमतरी महापौर रामू रोहरा ने बताया कि उस समय के छोटे से शहर इंदौर को कैसे राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने स्वच्छता व विकास का मॉडल बना कर विश्व पटल पर रखा उन्होंने ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा ने उलेखनीय कार्य किये उन्होंने देशभर में असंख्य देव स्थलों का जीणोद्धार कराया दिन दुखी आम जन के लिए उनके द्वारा हमेशा खुले रहते थे। पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई ने सुशासन का एक ऐसा शासन मॉडल दुनिया के सामने रखा जो आज भी प्रासंगिक है।

लापरवाही पड़ी भारी, ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। उच्च अधिकारियो के निर्देशों का अवहेलना तथा कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव क़ो निलंबित कर दिया गया है।विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के सचिव रोमनाथ ध्रुव के द्वारा नव निर्वाचित सरपंच क़ो प्रभार देने में अत्यधिक विलम्ब किया गया। इसके साथ ही मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने, जनपद की बैठक से अनुपस्थित रहने,15 वें वित्त का ऑडिट नहीं कराने एवं ग्राम पंचायत क़ा रोकड़ पंजी लम्बे समय तक पूर्ण नहीं कराने, सुशासन तिहार में सौंपे कार्य का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया लेकिन नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। इस कारण छतीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 भाग दो के नियम 4 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।ग्राम पंचायत अमेठी का प्रभार ग्राम पंचायत गुर्रा के सचिव क़ो सौंपा गया है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने किया लखपति दीदियों के साथ रात्रि भोज

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह के माध्यम से विभिन्न आजीविका गतिविधियों को अपनाकर आत्मनिर्भरता की राह पर सशक्त कदम बढ़ाने वाली लखपति दीदियों के साथ रात्रि भोज किया। इस दौरान उन्होंने लखपति दीदियों से विभिन्न आजीविका गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। पथरिया की मोहभट्ठा निवासी धनेश्वरी राव ने मुख्यमंत्री को स्वयं की बनाई हुई छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा भेंट किया।

सीएम ने किया अटल परिसर का लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर पालिका परिषद मुंगेली अंतर्गत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम स्थित पुष्पवाटिका उद्यान के पास नवनिर्मित अटल परिसर का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी देशभक्ति से परिपूर्ण कविताओं का श्रवण कर उन्हें याद किया। लोकार्पण के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

सीएम ने किया सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क व कंट्रोल रूम का लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने आज मुंगेली जिला मुख्यालय में स्मार्ट सुरक्षा प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 33.15 लाख रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क और उन्नत पुलिस कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया। नगर के 17 प्रमुख चौक-चौराहों पर कुल 62 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिन्हें एक केंद्रीकृत पुलिस कंट्रोल रूम से रियल-टाइम मॉनिटर किया जा सकता है। उन्नत तकनीकों से सुसज्जित यह कंट्रोल रूम पुलिस प्रशासन को त्वरित, प्रभावी और सटीक कार्रवाई करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रणाली केवल निगरानी तक सीमित नहीं, बल्कि यह शहर की कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया को भी सुदृढ़ बनाएगी।

खुड़िया में पीएचसी का उन्नयन लोरमी में छात्रावास के निर्माण की घोषणा

ग्राम बिजराकछार में मुख्यमंत्री सुशासन तिहार के समाधान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लोरमी विकासखंड के सुदूर और दुर्गम ग्राम बिजराकछार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तीसरे चरण में पहुंचे। पहली बार मुख्यमंत्री का इस क्षेत्र में आगमन हुआ, तो ग्रामीण उत्साह से भर गए। इस क्षेत्र में आदिवासी और बैगा जनजाति की बहुलता है, और यह छत्तीसगढ़ की सीमा पर है।

मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और ग्रामीण महिलाओं व किसानों ने पारंपरिक खुमरी के साथ उनका अभिनंदन किया। इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, पन्नूलाल मोहले सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।मुख्यमंत्री ने इस शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएँ सुनीं और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने डिंडोरी में नए कॉलेज, खुड़िया में पीएचसी का उन्नयन और लोरमी में छात्रावास निर्माण की घोषणाएँ की। शिविर में 14 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को सीधा संवाद का अवसर मिला। सरकार ने अनेक योजनाओं का लाभ भी वितरित किया, जैसे आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सहकारिता चेक, पीएम आवास के चाबी और स्वीकृति पत्र, महिला स्व सहायता समूहों का चक्रीय निधि, जॉब कार्ड, और मनरेगा। वन विभाग ने अचानकमार जंगल सफारी के लिए महिला समूह को गाड़ी की चाबी भी दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लगभग डेढ़ साल में प्रधानमंत्री मोदी की कई गारंटियों को पूरा किया है। आवास योजना के तहत 18 लाख परिवारों को घर मिले हैं और जो अभी तक नहीं मिले, उन्हें भी लाभ मिलेगा। धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल से हो रही है और तेंदूपत्ता की खरीदी भी तय दर पर की जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को तकनीक और नवाचार से समाप्त कर रही है और सभी कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं।उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आदिवासी समाज के बीच मुख्यमंत्री की निष्ठा है और मूलभूत सुविधाएँ जल्द ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वादों को पूरा कर रही है। इस शिविर में मुख्य सचिव, प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीणजन भी उपस्थित थे। इस तरह, समाधान शिविर के माध्यम से अनेक आवेदनों का निराकरण हुआ है, जिनमें आवास, राशन, जॉब कार्ड, पेंशन और किसान सम्मान योजनाएँ शामिल हैं। यह पहल शासन और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित कर रही है और अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, 'संवाद से समाधान' पुस्तिका का विमोचन

अटल सेवा केंद्र, आयुष्मान कार्ड, सिंचाई और विस्थापन जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री सख्त

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिला के अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू सहित विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक पुन्नू लाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे सहित मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद सहित तीनों जिलों के कलेक्टर, एसपी, डीएफओ और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार की उपलब्धियों पर आधारित संवाद से समाधान नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने इस अवसर पर सुशासन तिहार पर केन्द्रित वीडियो

फिल्म का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में कहा की सुशासन तिहार के अंतर्गत अधिकारियों ने अच्छा काम किया है। समस्याओं का समाधान अच्छे तरीके से किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे 31 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभियान में सभी मंत्री, सांसद, विधायक हिस्सा ले रहे हैं। शिविरों में अधिकारियों की मेहनत का फल भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन का आशय अच्छा शासन होता है। जिस विश्वास के साथ जनता ने हमें बिठाया है, उस विश्वास को और मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक ग्रामीण इलाकों का दौरा करें। इससे मैदानी जानकारी के साथ-साथ प्रशासनिक कसावट भी आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी का मौसम चरम पर है। पेयजल की समस्या किसी को ना हो इसे अधिकारी देखें। किसी भी तरीके से लोगों का प्यास बुझाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए पुख्ता कार्य योजना तैयार रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सचेत रहें और कहीं पर भी बीमारी की सूचना मिलती हो तो तुरंत वहां पहुंचकर उसका इलाज करें। उन्होने कहा कि राज्य में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए किसानों को डीएपी के विकल्प सुझाएं। खाद बीज की दिक्कत किसानों को नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रधानमंत्री जी की गारंटी का एक अनिवार्य हिस्सा है। पूरे प्रदेश में 1460 केंद्र खुल चुके हैं। सभी में पैसे का लेनदेन सहित अच्छा काम हो रहा है। ये सभी केंद्र नियमित रूप से काम करें,यह देखने का काम कलेक्टर का है। उन्होंने कहा कि अगले 6 माह में 5000 और अटल सेवा केंद्र खुलेंगे। अगले साल 24 अप्रैल तक हर ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू हो जाएगा । उन्हें पैसा लेनदेन के अलावा अन्य शासकीय काम भी सौंप जाएंगे ताकि लोगों को छोटे छोटे काम के लिए लंबी दूरी जाना न पड़े।

सीएम ने किया नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय का लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में 01 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिले में स्थायी परिवहन कार्यालय भवन की सुविधा का अभाव था, जिससे आम नागरिकों को लाइसेंस, वाहन पंजीयन और अन्य कार्यों में कठिनाई होती थी। अब नए भवन के साथ यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी। लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच आवेदकों को प्रतीक स्वरूप लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराना है। नये कार्यालय भवन के माध्यम से वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

छह एकड़ भूमि में निर्मित इस परिसर में एक एकड़ में कार्यालय भवन तथा पाँच एकड़ क्षेत्र ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के लिए आरक्षित रखा गया है। भवन में 18 कक्ष, 6 हॉल, अटैच लेट-बाथ तथा सामान्य शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यालय को पूर्णतः सुविधायुक्त रूप में डिजाइन किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों की दक्षता भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 से अब तक जिले में 11,721 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं और 49,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि लोगों में परिवहन सेवाओं की बड़ी मांग है।

सीएम ने जिला ग्रंथालय में किया अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने आज जिला ग्रंथालय में 29.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले तथा पूर्व सांसद लखन साहू भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के स्वागत में युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और पुष्पगुच्छ भेंटकर उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, ÷शिक्षा ही जीवन की असली पूंजी है। इसके बिना जीवन अधूरा है। यह न केवल रोजगार का माध्यम है, बल्कि समग्र विकास का आधार भी है।÷ उन्होंने अपने छात्र जीवन के संघर्ष साझा करते हुए बताया कि अविभाजित रायगढ़ जिले में शिक्षा के अवसर सीमित थे। नटवर स्कूल ही एकमात्र विकल्प था। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करने, कभी निराश न होने और परिश्रम को अपना मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्यार्थी के पाँच गुण काक चेष्टा बको ध्यानं, श्वान निद्रा तथैव च। अल्पाहारी गृहत्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित, मेहनती और लक्ष्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी। एक छात्र द्वारा सोशल मीडिया के प्रभाव पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, डिजिटल युग में अच्छाई को अपनाएं और बुराई से दूर रहें। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में राज्य व जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में तोप सिंह कुंभकार ने मुख्यमंत्री को उनके ही चित्र का हस्तनिर्मित छायाचित्र भेंट किया। छात्र-छात्राओं एवं जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को भगवद् गीता, पुस्तिका और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। मुख्यमंत्री ने 'प्रयास' और 'नालंदा परिसर' जैसे नवाचारी शैक्षणिक प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक जिले में आधुनिक ग्रंथालय स्थापित कर रही है, ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रंथालय केवल अध्ययन का स्थल नहीं, बल्कि सफलता की नींव रखने का केंद्र भी है। उन्होंने जिला ग्रंथालय मुंगेली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां से सैकड़ों युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है, जो गौरव की बात है।

युवती को शादी का झांसा देकर की दुष्कर्म, गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। एक युवती को शादी का झासा देकर लगातार दुष्कर्म करने के बाद फरार आरोपी युवक को लखनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल युवक रविकुमार राजवाड़े ग्राम कोसगा चारपारा पिडिता 16 वर्षीया युवती को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। युवती दो माह की गर्भवती हो गई। युवक शादी करने के बजाय फरार हो गया। मामले में एक नया मोड़ आया पिडिता युवती अपने चचेरी बहन सूरज पति के साथ लखनपुर बाजार पारा किराए के मकान में रहती थी 9 अप्रेल को पीड़िता की बहन बोली तुम्हारे परिचित का फोन आया है अस्पताल के पास बुलाया है जाकर मिल लो।

पीएम श्री सेजस विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया से हुई छात्र-छात्राओं का दाखिला

लखनपुर/नवप्रदेश। पीएम श्री सेजस विद्यालय लखनपुर में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र छात्राओं को लाटरी पद्धति से दाखिला दिलाया गया। प्राप्त आवेदनों के आधार पर कुल 67 रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिलाई गई। तकनीकी शिक्षक निलेश सिंह के सहयोग से प्रवेश कार्यक्रम का आरंभ किया गया।

कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष रवि अग्रवाल ,नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू , भाजपा मंडल लखनपुर अध्यक्ष दिनेश बारी, पार्षद सचिन खुशबू अग्रवाल उपस्थित रहे मचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। बाद इसके प्राचार्य ऋषि कुमार पांडेय ने

अपने स्वागत उद्बोधन में विभिन्न कक्षाओं के लिए रिक्त सीटों की जानकारी दी तथा प्राप्त आवेदनों की संख्या के बारे में बताया। साथ ही वर्ष 2025 -26 के कार्य योजना का विमोचन किया गया। साथ ही सत्र 2024 -25 की परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी देते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। उन्होंने बताया कि विद्यालय में जवाहर नवोदय ,एकलव्य विद्यालय ,सैनिक स्कूल की तरह प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी वर्ष भर कक्षाएं संचालित की जाएगी। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए भी प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के साथ साथ कक्षा संचालित किये जाएंगे। विद्यालय से संबंधित अन्य जानकारियां एवं सुविधाएं अभिभावकों के समक्ष रखे । लॉटरी सिस्टम से दाखिला प्राप्त विद्यार्थियों को अतिथियों ने मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया । नगर पंचायत अध्यक्ष साहू ने प्राप्त आवेदनों की संख्या देखकर एसएमडीसी के समक्ष प्रस्ताव रखा कि प्रत्येक कक्षा में 10 सीट बढ़ाई जाए।

जरा सी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग आवागमन हुआ बाधित

लखनपुर/नवप्रदेश। अचानक मौसम परिवर्तन के साथ सोमवार को दोपहर क्षेत्र में चमक गरज तेज हवाएं चलने के साथ जमकर बारिश हुई। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड 9 रिहायशी क्षेत्र से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 130 नारायण पेट्रोल पंप तथा स्टेट बैंक के ठीक सामने जरा सी बारिश होने के बाद सड़क जलमग्न हो गया। जिससे सड़क पर चलने वाले राहगीर तथा गुजरने वाले दो-चार पहिया वाहनों को आहिस्ता संभल कर चलना पड़ा राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। जब भी बारिश होती है पानी की सही निकासी नहीं होने कारण सड़क लबालब भर जाता है।

वार्डवासियों का कहना है सड़क किनारे नाली तो है परन्तु साफ-सफाई के अभाव में जाम है। जिस पैमाने में नाली को चौड़ा होना चाहिए,नहीं है। और यही वजह है सड़क पर पानी भर जाता है। पिछले साल पानी भर जाने कारण सड़क घटना में एक मिस्त्री की मौत हो गई थी। नगरवासियों ने शासन प्रशासन तथा नगर पंचायत लखनपुर का ध्यानाकर्षण कराते हुये मुख्य मार्ग के दोनों तरफ उपयुक्त नाली निर्माण कराये जाने मांग किया है। वार्डवासी मोजिब खान, रहमत खान, गुलाम कादिर, इस्लाम खान रामप्रवेश राजवाड़े सूदन साहू अशोक साहू ने सड़क अव्यवस्था के लिए नगर पंचायत एवं राष्ट्रीय राजमार्ग ठेका कम्पनी को जिम्मेदार ठहराया है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विद्या सागर चौधरी ने कहा सड़क किनारे नाली निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग ठेका कम्पनी द्वारा कराया गया है। नगर पंचायत की भूमिका नहीं है।

जनदर्शन | आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने प्रत्येक सप्ताह को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आमजनों की विभिन्न समस्याएं

सक्ती/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई । जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए।

जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम आमाकोनी के समस्त ग्रामवासी छिरीडीह द्वारा आमाकोनी पीएम आवास की मजदूरी राशि गबन करने के संबंध में, ग्राम लवसरा निवासी संजय कुमार कुर्रे ने किसान सम्मान निधि त्रुटि सुधार राशि प्रदान करने हेतु संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम आडिल निवासी भोगी लाल, भिखारी लाल, योगेश कुमार, दुलारी ने खाता विभाजन करने हेतु आवेदन पत्र के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम बेलादुला निवासी सत्यनारायण साहू ने बिजली खंभा गिरने के कारण छतिपूर्ति राशि दिलाने के

संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम दर्राभाठा निवासी सुजिता बाई सिदार ने रहने हेतु मकान निर्माण करने के लिए भूमि एवं आवास प्रदान करने के संबंध मे, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम दर्राभाठा आडिल निवासी योगेश कुमार ने नामांकन पश्चात आपसी सहमति से खाता विभाजन हेतु आवेदन करने के संबंध में, विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया।

उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

16 लाख 50 हजार रुपयों के विकास कार्यों की दी सौगात

लखनपुर/नवप्रदेश। उदयपुर छेत्रांतर्गत जल संरक्षण की दिशा में अब विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल का सराहनीय प्रयास सामने आया है जहाँ क्षेत्र में विधायक द्वारा करीब 16.50 लाख रुपयों के विकास कार्यों की सौगात दी है । गर्मी के मौसम में क्षेत्र के गहराते जल संकट के मद्देनजर विधायक द्वारा अलग अलग पंचायतों में तालाबो के गहरीकरण के लिए विधायक निधि से राशि जारी करवाई है । उदयपुर छेत्र में सतीतलाब गहरीकरण सरगंवा, रमन तालाब का गहरीकरण कार्य कुमडेवा, अमेरा पारा तालाब गहरीकरण फूलचूही ,बटवारी तालाब गहरीकरण कलचा, महुआ देव तालाब का गहरीकरण खरसुरा ,कांवडिया तालाब का गहरीकरण मोहनपुर ,झूरही तालाब का गहरीकरण कार्य सनीबर्रा ,कदम तालाब का गहरीकरण रिखी, मुड़ा तालाब का गहरीकरण देवटिकरा , डूमरडीह नान मुड़ा तालाब गहरीकरण कार्य सोनतराई , डूमरडीह झुरही तालाब का गहरीकरण कार्य सोनतराई जैसे विकास कार्यों की स्वीकृति विधायक मद से दी गई है।

10वीं के बाद छात्रों को विषय चयन में कैरियर काउंसलिंग बेहद जरुरीः सुप्रिया

पहले की तुलना में बच्चों के पास आज ज्यादा विकल्प मौजूद, दबाव में न करें विषय का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दसवीं बोर्ड के बाद कक्षा 11वीं में विषय चयन को लेकर विद्यार्थियों में संशय बना रहता है। कई बार बेहतर मार्गदर्शन नहीं मिलने की वजह से विद्यार्थी गलत विषय का चयन कर लेते हैं, जिसके कारण आगे चलकर उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नवप्रदेश के उपसंपादक ऋतु साहू ने विद्यार्थियों के इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सेंट जेवियर्स स्कूल के शिक्षाविद् एवं प्रशासनिक प्रमुख सुप्रिया प्रसाद से बातचीत की जो एक सर्टिफाइड कैरियर काउंसलर भी हैं।

श्रीमती प्रसाद ने बताया कि 11वीं में विषय चयन को लेकर बच्चे और अभिभावक दोनों असमंजस की स्थिति में रहते हैं। 11वीं कक्षा में विषय चयन के लिए 10वीं के परिणाम को समझना जरुरी है, लेकिन सिर्फ इस परिणाम से विषय चयन करना सही नहीं है। ऐसी स्थिति में बच्चों और अभिभावकों को कैरियर काउंसिलिंग लेनी चाहिए। इससे बच्चे की छोटी-छोटी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए काउंसलर द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया जाता है। उदाहरण स्वरुप बच्चे का दिमाग लॉजिकली तेज है तो गणित विषय अगर बच्चा लेना चाहता है तो उसे लेने देना चाहिए। वहीं अगर 10वीं के परिणाम में यह देखने को मिले कि बच्चे का साइंस, मैथ्स में अंक कम आए हैं, लेकिन अन्य विषय में बच्चे का अंक बेहतर है तो उसे साइंस या मैथ्स लेने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। कई बार बच्चे पारिवारिक दबाव में विषय का चयन कर लेते हैं जो कि गलत है। जरुरी नहीं कि परिवार में डॉक्टर और इंजीनियर हों तो बच्चे के पास भी बॉयो और मैथ्स का ही विकल्प दिया जाए। इसलिए विषय चयन में बच्चों की इच्छा बेहद जरुरी है। अपने इच्छा से बच्चा जो विषय लेता है और उसमें ललक है कि उस विषय को लेकर वह अपना आगे भविष्य बनाना चाह रहा है तो उसे एक मौका जरुर दें। आज बच्चों के पास पहले की तुलना में बहुत सारे विकल्प मौजूद हैं। इन सभी क्षेत्रों में पढ़ाई करके बेहतर भविष्य बनाया जा सकता है। इसके साथ ही पारिवारिक माहौल भी बच्चे के विषय चयन का आधार है। अगर बच्चा बिजनेसमैन परिवार से संबंध रखता है और बच्चे को आगे चलकर बिजनेस ही करना है तो ऐसे में बच्चे का विषय चयन इसी आधार पर होना चाहिए। आर्थिक रुप से बहुत मजबूत न होने की स्थिति में अगर बच्चा बॉयो लेकर भविष्य में डॉक्टर बनने की चाह रखता है तो इसके दूसरे पहलू पर बच्चे और अभिभावक दोनों को सोचना जरुरी है, क्योंकि मेडिकल की पढ़ाई आसान नहीं होती है। इसमें खर्च भी ज्यादा लगता है। ऐसी स्थिति में परिवार को पहले से ही सोचना चाहिए कि अगर बच्चे का एडमिशन सरकारी मेडिकल कॉलेज में नहीं हुआ तो क्या निजी कॉलेज में बच्चे को पढ़ाया जा सकता है? डॉक्टर नहीं बनने के बाद भी मेडिकल के क्षेत्र में अन्य जगहों पर कैरियर बनाया जा सकता है तो बच्चे को मानसिक रुप से इसके लिए भी तैयार रहना चाहिए। विषय चयन करते समय कई बार अभिभावक यह गलती कर देते हैं कि दूसरे बच्चे से तुलना करते हुए बच्चे पर दबाव बनाकर या समझाकर उसे किसी विषय को लेने के लिए निर्देश देते हैं। ऐसे में बच्चा अभिभावक के आगे उनकी बात मानकर विषय चयन कर लेते हैं। इसमें सफल होने के बाद अपने क्षेत्र में कैरियर भी बनाते हैं, लेकिन एक समय के बाद उन्हें यह अहसास होता है कि यह क्षेत्र केवल उनके आय अर्जित करने का क्षेत्र है। इसमें उनकी इच्छा शामिल नहीं रहती। ऐसी स्थिति में कई बार बच्चे भविष्य में कैरियर बदलाव को लेकर सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए बेहतर है कि कोई भी दुविधा होने पर अभिभावक और बच्चों को कैरियर काउंसलर की मदद लेनी चाहिए। हालांकि अभी भी कैरियर काउंसलर के पास जाना और उन्हें समय देना लोगों को बेवजह लगता है, लेकिन एक बार कैरियर काउंसल से सलाह जरुर लें। ऐसे में बच्चे के पास भविष्य को लेकर आपार संभावनाएं खुलती हैं जिसका लाभ बच्चे को बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए मिलता है।

अभिभावकों में बढ़ी जागरुकता

श्रीमती प्रसाद ने बताया कि आज के समय बच्चों के पास कैरियर बनाने के लिए बहुत से क्षेत्र हैं। आज उनके पास आप्शंस की कमी नहीं है। एक समय था जब बॉयो और मैथ्य को ही विकल्प माना जाता था, लेकिन वर्तमान में अभिभावकों में जागरुकता देखी गई है इसके साथ ही बच्चे भी सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न क्षेत्र और उसमें कैरियर बनाने की संभावनाओं से अवगत हो रहे हैं। जिसका सकारात्मक असर देखा भी जा रहा है। अब बच्चों पर विषय चयन को लेकर बहुत ज्यादा दबाव परिवार द्वारा नहीं दिया जाता। आज बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत होकर उसमें अपना बेहतर भविष्य बना रहे हैं और माता-पिता भी बच्चे का सपोर्ट कर रहे हैं। डांस, कुकिंग, फोटोग्राफी, ग्राफिक्स, खेल आदि जैसे कई बेहतर विकल्प बच्चों के पास मौजूद है। बच्चे भी दसवी परीक्षा पास करते तक तय कर चुके होते हैं कि आगे उन्हें क्या करना है। बच्चे की सोच और उनकी इच्छा को समझते हुए अभिभावकों को सही मार्गदर्शन देना चाहिए, जिससे बच्चे पर कोई दबाव न हो और वह अपने पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़े।

एजुकेशनल कार्निवाल भी जरुरी

वर्तमान समय में स्कूलों में विभिन्न तरह के एजुकेशनल कार्निवाल का आयोजन भी इसीलिए किया जाता है जिससे वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं आगामी भविष्य में अपने कैरियर के क्षेत्र में मिलने वाले विकल्पों को समझें। समय के साथ स्कूल प्रबंधन, अभिभावक और सीबीएसई द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि बच्चे बेहतर विकल्प को स्कूल में पढ़ाई के दौरान समझ सकें।

बेलगहना में कॉलेज खोलने की घोषणा करने पर विधायक अटल ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ग्राम आमागोहन में आयोजित सुशासन तिहार में बेलगहना में कॉलेज खोलने की घोषणा करने पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अटल श्रीवास्तव द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से बेलगहना में कॉलेज खोलने हेतु लगातार मांग किया गया था।

अटल श्रीवास्तव द्वारा बजट एवं विधानसभा में कॉलेज खोलने हेतु ध्यानआकर्षित किया गया। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बेलगहना क्षेत्र में आसपास के लगभग 40 ग्रामों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु 30 से 40 कि.मी दूर रतनपुर कॉलेज अथवा कोटा कॉलेज जाना पड़ता है। सुदूर वनांचल एवं दुर्गम क्षेत्र होने के साथ कोटा एवं रतनपुर कॉलेज अधिक दूरी होने के कारण अनेक विधार्थी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे थे। बेलगहना में कॉलेज की स्थापना अति आवश्यक एवं बहुप्रतीक्षित मांग थी। बेलगहना में कॉलेज खुलने से सुदूर वनांचल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सुगमता एवं सुलभता के साथ उच्च शिक्षा की प्राप्ति होगी।

छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली देना वाला राज्य फिर भी बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी

वार्ड में जल संकट की समस्या गंभीर, बिजली कटौती से शहरवासी परेशान, जल्द दूर होगी समस्याः विजय

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 60 कपिल नगर के भाजपा पार्षद व एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार अपने वार्ड में लगातार विकास कार्य को लेकर सक्रिय हैं। पार्षद के कर्तव्यनिष्ठा और कार्यशैली का ही परिणाम है कि वार्ड की जनता उन्हें वार्ड विकास की जिम्मेदारी लगातार दे रहे हैं। वर्तमान में श्री ताम्रकार को अग्निशमन, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जिसके लिए पार्षद विजय ताम्रकार जमीनी स्तर से जुड़कर पूरे शहर के लिए बिजली व्यवस्था को बेहतर करने के लिए प्रयासरत हैं।

पार्षद श्री ताम्रकार ने नवप्रदेश को बताया कि वार्ड में मूलभूत सुविधाएं में जो कमी दिखती है उसे पूरा कराया जा रहा है। छोटी-मोटी समस्याएं वार्ड में रहती ही हैं। अभी जल संकट वार्ड में गंभीर रुप से वार्डवासियों को परेशान कर रहा है। वार्ड के लोगों को इससे राहत देने के लिए व्यवस्था की जा रही है और प्रयास किया जाएगा कि आने वाले गर्मी में जल संकट की यह स्थिति इतनी विकराल न रहे। कोशिश रहेगी कि जलसंकट की समस्या को पूरी तरह से दूर कर दिया जाए। इसके लिए वार्ड सहित शहरवासियों से भी जल संक्षरण के लिए जागरुक होने की जरुरत है। वर्तमान में शहर में बिजली की अघोषित कटौती से पूरा शहर परेशान है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली देना वाला राज्य है इसके बाद भी छत्तीसगढ़ के दूसरे सबसे बड़े शहर न्यायधानी बिलासपुर में बिजली की कटौती आम जनता के साथ अन्याय है। कुछ दिनों पहले इस समस्या को लेकर मैने मंत्री से भी शिकायत की है। वर्तमान में बिजली विभाग के पास सबसे बड़ी समस्या कर्मचारियों की कमी है। एक जोन में विभाग द्वारा कम से कम तीन गाड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। वहां एक गाड़ी के भरोसे पूरे जोन में काम हो रहा है। ऐसी स्थिति में बिजली आपूर्ति को व्यवस्थित करना चुनौतीपूर्ण है। जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्थित करने के लिए प्रयास जारी है।

बुजुर्ग महिला की गले से चेन छिनकर युवक फरार

■ आरोपी कुरियर बॉय बनकर आया, सीसीटीवी में वारदात कैद

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत महावीर नगर में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया गया। वारदात की पूरी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को आरोपी की पहचान में मदद मिल सकती है। पीड़िता शांति सुधा ने बताया कि एक स्कूटी सवार युवक कुरियर बॉय बनकर उनके घर पहुंचा। पार्सल डिलीवरी के बहाने उसने उन्हें गेट पर बुलाया और जैसे ही वे बाहर आईं, युवक ने गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मानें तो हाल के दिनों में चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ी हैं, और अपराधी नए-नए बहानों से घरों में मौजूद महिलाओं को अपना निशाना बना रहे हैं। इस मामले ने फिर एक बार सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान हेलमेट पहने लुटेरे ने महिला को अपनी बातों में उलझाकर रखा।

उन्हें साइन करने के बहाने एक कागज दिखाया। इसी बीच मौका पाकर युवक उनके गले में पहने सोने की चेन छीन लिया, जिसके बाद तेजी से गेट से दौड़ते हुए स्कूटी के पास आया। फिर वहां से भाग निकला। जिस तरीके से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। इसमें किसी जानकार का हाथ होने का भी शक है। आरोपी को पहले से पता था कि घर में बुजुर्ग महिला और उनके पति के अलावा कोई नहीं रहता। इसलिए उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए के लिए हेलमेट पहनकर आया था।

रेकी करने के बाद वारदात को दिया अंजाम

कहा जा रहा है कि कॉलोनी में तीन-चार दिन से युवक घूम रहा था। इससे आशंका है कि वह पहले मकान में पहले रेकी किया होगा, जिसके बाद उसने मौका पाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस की टीम कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी युवक की स्कूटी और उसके हुलिए के आधार पर तलाश में जुट गई है।

सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए नामांकन शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले को सिविल डिफेन्स जिले में शामिल किया गया है। युद्ध के दौरान, पूर्व, बाद एवं आपदा बचाव कार्य हेतु सिविल डिफेन्स वालेंटियर का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गया है। पंजीयन हेतु इच्छुक जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो, जो मानसिक एवं शारिरिक रूप से स्वस्थ्य हो नामांकन करा सकते है। नामांकन हेतु इच्छुक नागरिक कार्यालय जिला सेनानी नगरसेना, कुदुदण्ड में आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़क पर खड़ी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले 2 आरोपियों को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिलासपुर पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोरी/लूट के आरोपियों के कार्रवाइ कर रही है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर शहरी व ग्रामीण थानो में लगातार चोरी/लूट संबंधी अपराध करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

इसी परिप्रेक्ष्य में प्रार्थी शेख कलीमुद्दीन थाना कोनी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 मई को ग्राम गतौरी आरव्ही पेट्रोल पंप के सामने मेरी डीजल टेंकर क्रमांकसीजी 04 पीटी 8504 को रायपुर मंदिर हसीद में लोड कर अंबिकापुर जा रहा था रात्रि होने से गतौरी आरव्ही पेट्रोल पंप के सामने में सफेद रंग के स्कार्पियो में कुछ लोग आये थे और गाड़ी का दरवाजा को बाहर से रस्सी में बांध कर अपने पास में रखे सब्बल से गाड़ी के सर्विस टंकी का लॉक को तोड कर उसमें से करीबन 350 लीटर डीजल कीमती करीब 32000 रूपये चोरी कर ले गये है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। विवेचना दौरान 19 मई को सूचना मिला कि पीकप टेंकर क्रमांक सीजी 04 पीए 0314 में कोरबा की ओर से चोरी कर डीजल लेकर कुछ लोग बिक्री करने के लिए आ रहे है। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारीयों के निर्देश पर थाना हिर्री एवं कोनी पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर आरोपियों की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। घेराबंदी के दौरान एक सफेंद रंग के महेन्द्रा पिकअप टेंकर क्रमांक सीजी 04 पीए 0314 को रोककर चेक किया गया। चालक रमाकांत से पूछताछ दौरान पिकअप टेंकर में चोरी का डीजल होना स्वीकार किया गया एवं पूछताछ दौरान 13 मई को गतौरी आरव्ही पेट्रोल पंप के सामने खडी गाडी में करीब 350 लीटर कीमत 32000 रू को चोरी करना स्वीकार किया।

सीपत प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

प्रेस के नए भवन उद्घाटन समारोह में किया आमंत्रित

सीपत/नवप्रदेश। सीपत प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल से बिलासपुर स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर को आगामी 28 मई को आयोजित होने वाले सीपत प्रेस क्लब के नवीन भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। कलेक्टर अग्रवाल ने नेवता स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित रहने की सहमति जताई। पदाधिकारियों ने बताया कि सीपत क्षेत्र में पत्रकारों के लिए एक सुसज्जित और आधुनिक भवन की लंबे समय से आवश्यकता थी। पत्रकारों की मांग पर तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार ने 20 लाख रुपए की राशि भवन निर्माण के लिए शासन से स्वीकृत कराई थी। नवीन भवन के पूर्ण निर्माण के बाद अब इसका उद्घाटन समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक दिलीप लहरिया, एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक विजय कृष्ण पांडेय,जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर, अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, जनपद पंचायत अध्यक्ष मस्तूरी सरस्वती सोनवानी, जनपद सभापति मनोज खरे एवं सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वही जिले के वरिष्ठ पत्रकार, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रेस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उनके कार्यों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है।

बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो समाजवादी पार्टी करेगी धरना-प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हो गए हैं। भीषण गर्मी के समय बिजली विभाग द्वारा मेंटेनस के नाम पर बिजली गोल कर दिया जाता है। इस कटौती से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग काफी परेशान है। शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण लोगों में रोष व्याप्त है। अघोषित बिजली कटौती को लेकर समाजवादी पार्टी जल्द ही धरना प्रदर्शन करेगी। उक्त बातें सपा के प्रदेश प्रवक्ता धनीराम यादवा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही। उन्होंने ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सरप्लस होने के बाद भी यहां बिजली की समस्या है। थोड़ी सी भी आंधी-तूफान आने से घंटों-घंटों लाइट गोल रहती है। हर साल बारहों महीना बिजली विभाग द्वारा मेंटेनस का काम किया जाता है। यह कैसा मेन्टनेस है जो कभी पूरा नहीं होता। वहीं बिजली समस्या के समाधान के लिए फ्यूज कॉल सेंटर बनाया गया है। लेकिन वहां शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है।

आयोजन

अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती मनाने भाजपा की कार्यशाला

देश के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गयाः नारायण चंदेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला भाजपा कार्यालय में अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती मनाने के लिहाज से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा के नेत्रियों ने भाग लिया। 16 मई से 31 मई तक विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसके निमित्त एक बैठक कर महिला नेत्रियों को प्रशिक्षण और दिशा निर्देश दिए गए। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बताया कि हमारे देश के इतिहास को तोड़ मंडोर कर पेश किया गया वामपंथी इतिहासकारों और कांग्रेस ने एक सोची समझी साजिश की तहत इतिहास के उन विभूतियों को नकारने का काम किया जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया और एक मात्र पार्टी और एक विशिष्ट परिवार की देश की आजादी का पूरा श्रेय दे दिया इतिहास में एक साधारण परिवार में जन्मी असाधारण प्रतिभा की धनी राजमाता अहिल्या बाई होलकर का कही उल्लेख नहीं मिलता जिन्होने राष्ट्र और समाज के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारतीय जनता पार्टी ने यह संकल्प लिया है कि अहिल्या बाई होलकर के जीवनगाथा उनके त्याग तपस्या और बलिदान की गौरव गाथा को जन जन तक पहुंचाएंगे। हम आज की पीढ़ी और कल की पीढ़ी को यह बताएंगे कि समाज के प्रति उनका क्या योगदान रहा है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि आजाद भारत में भी लोगों को मानसिक गुलाम बनाए रखने के लिए भारत के इतिहास के साथ छेड़ छाड़ किया गया कुछ तथाकथित इतिहासकारों ने भारत के इतिहास को जानबूझर ऐसा लिखा जिससे हम भारतीय सदैव ग्लानि से भरे रहे भारतीय इतिहास के उन प्रतिमानों के शौर्य और पराक्रम की गाथाओं को नेपथ्य में डाल दिया है।

जीवन वृत्त पर प्रदर्शनी आज

21 से 22 मई जिला मुख्यालयों में उनके जीवन वृत पर प्रदर्शनी का आयोजन, 23 से 24 मई मण्डल स्तर पर मन्दिरों की साफ सफाई,26 से 26 मई महाविद्यालय स्तर पर उनके जीवन वृत पर गोष्ठी और परिचर्चा,26 से 28 मई मण्डल स्तर पर विचार गोष्ठी, 28 मई को जनपद पंचायतों में गोष्ठी और महिला सम्मान,29 मई को नगर पंचायत में गोष्ठी और महिला सम्मान 30 मई को नगर पालिकाओ में गोष्ठी और महिला सम्मान, 31 मई को जिला मुख्याल में गोष्ठी और महिला सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

ईडी का एक्शन: 6,200 करोड़ से अधिक के घोटाले में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉड्रिंग के आरोप में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को दिल्ली स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। उन्हें 21 मई तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया गया है। यह गिरफ्तारी 6,200 करोड़ रुपये से अधिक की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़ी है, जो कोलकाता स्थित कंपनी कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) से संबंधित है। ईडी ने बताया कि गोयल को 16 मई को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया और 17 मई को उन्हें कोलकाता की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 21 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले अप्रैल में एजेंसी ने गोयल और अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी भी की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि गोयल ने सीएसपीएल को बड़े पैमाने पर ऋण मंजूर किए और बदले में बड़ी रिश्वत ली। इन अवैध पैसों को वैध दिखाने के लिए फर्जी कंपनियों, फर्जी पहचान वालों और परिजनों के नाम पर अचल संपत्ति, नकदी और महंगे सामान खरीदे गए।

सेंसेक्स 873 अंक गिरकर हुआ बंद, निफ्टी 24700 के नीचे

नई दिल्ली। शुरुआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को नीचे फिसल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव के साथ लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुरुआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक नीचे फिसल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे की गिरावट के साथ 85.63 रुपये के भाव पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी में 1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक,रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे ब्लू चिप्स कंपनियों में बिकवाली के चलते बाजार नीचे आया।बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप मंगलवार को 5.13 लाख करोड़ रुपये घटकर 438.54 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 905.72 अंक या 1.10 प्रतिशत गिरकर 81,153.70 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में , इटरनल में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की गिरावट आई। मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एशियन पेंट्स भी पिछड़ गए।

नए द्विपक्षीय समझौते से ब्रिटेन-यूरोपीय संघ के संबंध दोबारा स्थापित हुए

लंदन। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) ने एक व्यापक समझौते की घोषणा की है। डाउनिंग स्ट्रीट के अनुसार, 2040 तक ब्रिटिश अर्थव्यवस्था के लिए लगभग 9 बिलियन पाउंड (लगभग 12.02 बिलियन डॉलर) जनरेट होने की उम्मीद है। यह समझौता लंदन में आयोजित पहली यूके-ईयू शिखर बैठक से पहले किया गया। इस बैठक को दोनों पक्षों ने ऐतिहासिक क्षण बताया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस समझौते को आपसी संबंधों में एक नया अध्याय बताया। दोनों पक्ष ब्रेक्सिट के बाद के वर्षों के तनाव के बाद संबंधों को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मेजबानी में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा एक साथ आए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, तीनों ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस डील की प्रशंसा करते हुए इसे एक बड़ा कदम बताया। युवा गतिशीलता योजना इस समझौते का एक प्रमुख आकर्षण है, जिसे डाउनिंग स्ट्रीट ने सीमित और समय-सीमित बताया है।

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने दुनिया में जारी ट्रेड वॉर के बीच एल्युमीनियम के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला

दुनिया में जारी ट्रेड वॉर के बीच एल्युमीनियम की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण

रायपुर। वर्तमान में चल रहे वैश्विक व्यापार युद्ध के दौरान भारत के पास सुनहरा मौका है कि वह खुद को वैश्विक एल्युमीनियम हब के रूप में स्थापित कर सकता है। ऐसे में, वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने एल्युमीनियम और स्टील की रणनीतिक भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

अपनी लिंकडइन पोस्ट में श्री अग्रवाल ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि व्यापार गतिरोध, एल्युमीनियम और स्टील में किस तरह प्रमुख कमॉडिटीज़ के रूप में उभरे हैं, खासकर अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच के इस दौर में।संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा कनाडा और मैक्सिको जैसे करीबी सहयोगियों सहित सभी देशों से स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाए जाने के कारण वैश्विक धातु बाजार में बड़े पैमाने पर उथल-पुथल मची हुई है। इस टैरिफ के जवाब में भारत ने अपने घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए स्टील आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लागू कर दी है।

श्री अग्रवाल ने इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा, ''मैं स्टील पर सेफगार्ड ड्यूटी लगाने के लिए सरकार की सराहना करता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि सरकार एल्युमीनियम के लिए भी इसी तरह का कदम उठाने पर विचार करेगी।''

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एल्युमीनियम अपने हल्के वजन और रिसाइकिल करने योग्य गुणों के कारण रणनीतिक महत्व के मामले में स्टील से आगे निकलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ''आधुनिक अर्थव्यवस्थाएँ इन दो धातुओं पर टिकी हैं, चाहे वे हवाई अड्डे हों, रेलवे हों, घर हों, वाहन हों या मोबाइल फोन हों।

लेकिन एल्युमीनियम का पलड़ा भारी है और भारत के विशाल बॉक्साइट भंडार के साथ हम वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।''अपनी पोस्ट के साथ उन्होंने बॉक्साइट उत्पादक देशों का एक आकर्षक विजुअल भी डाला, जिससे पता चलता है कि इस मामले में ऑस्ट्रेलिया, गिनी और चीन जैसे अग्रणी देशों के समकक्ष भारत में भी महत्वपूर्ण क्षमता रखता है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि टैरिफ अवरोध के कारण पारंपरिक बाजारों तक पहुँच खोने वाले देश, भारत जैसे वैकल्पिक डेस्टिनेशन का जायज़ा लेंगे, जिससे नीति निर्माताओं के लिए घरेलू एल्युमीनियम सेक्टर का समर्थन करना महत्वपूर्ण हो जाता है।उनके पोस्ट में कहा गया है, ''अपने विशाल बॉक्साइट संसाधनों के साथ भारत दुनिया की एल्युमीनियम राजधानी बन सकता है। इससे न सिर्फ हमारी वैश्विक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि एक मजबूत डाउनस्ट्रीम उद्योग भी खुलेगा, जो रोजगार पैदा करेगा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा।'' भारत के एल्युमीनियम उद्योग में एक प्रमुख कंपनी, वेदांता एल्युमीनियम इस परिवर्तन में सबसे आगे रही है, जिसने रिफाइनिंग और स्मेल्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश किया है।

श्री अग्रवाल का कहना है कि इस विषय पर उपयुक्त नीतियों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे इस क्षेत्र के विकास को गति मिले और भारत की खनिज सम्पदा के बल पर दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ उठाया जा सके। जिस प्रकार वैश्विक व्यापार पुनर्गठन के दौर से गुजर रहा है, उसके मद्देनजर श्री अग्रवाल का संदेश है कि भारत को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए तथा धातुओं एवं मैन्युफैक्चरिंग के भविष्य में खुद को एक अग्रणी ताकत के रूप में स्थापित करने के लिए कदम उठाने की बेहद जरुरत है।

फसल कटाई के बाद एक लाख गोदाम होंगे, बढ़ेगी खाद्य सुरक्षा और समृद्धि

नई दिल्ली। देश में फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को रोकने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से एक लाख से अधिक गोदामों की पहचान की गई है और ये गोदाम वेयरहाउसिंग विकास और विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) के तहत लाए जाएंगे।

डब्ल्यूडीआरए की अध्यक्ष अनीता प्रवीण ने मंगलवार को यहां 16वें फिक्की फूडवर्ल्ड इंडिया 2025 सम्मेलन में कहा कि जैसे-जैसे भारत में कृषि उत्पादन बढ़ रहा है वैसे-वैसे भंडारण और खाद्य प्रसंस्करण की जरूरत भी बढ़ रही है। यदि इन क्षेत्रों में सुधार नहीं किया गया तो बड़ी मात्रा में अनाज बर्बाद हो सकता है।

इस मौके पर भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने उपभोक्ता व्यवहार में हो रहे बड़े बदलाव पर जोर दिया और कहा, अब लोग सुपरमार्केट नहीं जाते बल्कि

सुपरमार्केट उनके घर आ रहा है। उन्होंने उद्योग से अपील की कि वे पैकेज्ड फूड में पोषण पर ध्यान दें क्योंकि अब ज़्यादातर लोग घर का बना खाना कम खा रहे हैं। सरकार भी इस दिशा में सक्रिय है।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के संयुक्त सचिव रंजीत सिंह ने बताया कि सरकार ने 1600 से अधिक परियोजनाओं को आर्थिक सहायता दी है, जिससे 41 लाख टन की प्रसंस्करण क्षमता विकसित हुई और नौ लाख किसानों को लाभ मिला है। इसके अलावा 7000 करोड़ रुपये के निवेश से 2.5 लाख से ज्यादा नौकरियां भी सृजित हुई हैं।

फिक्की खाद्य प्रसंस्करण समिति के अध्यक्ष हेमंत मलिक ने फूड लेबलिंग को लेकर उद्योग की चिंता जताई और कहा कि पोषण संबंधी जानकारी प्रति 100 ग्राम की बजाय सर्विंग साइज के अनुसार दी जानी चाहिए क्योंकि ज़्यादातर लोग छोटे पैक ही खरीदते हैं। उन्होंने पैकेज्ड फूड को अल्ट्रा-प्रोसेस्ड कहने से भी सतर्क रहने को कहा क्योंकि कई ऐसे उत्पाद जैसे सोया नगेट्स सस्ते और पौष्टिक विकल्प होते हैं।

फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में ग्रामीण समृद्धि लाने की जबरदस्त क्षमता है। यह न सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ा सकता है, बल्कि छोटे शहरों में उद्यमिता को भी बढ़ावा देता है।

सम्मेलन में फिक्की और डेलॉयट द्वारा तैयार श्वेत पत्र विकास को बढ़ावा देना : भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार और अवसर भी जारी किया गया। इस रिपोर्ट में कुछ अहम बातें सामने आईं। भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र 7.7 प्रतिशत विनिर्माण योगदान देता है और करीब 70 लाख नौकरियां देता है। ग्रामीण इलाकों में पहली बार पेय और प्रोसेस्ड फूड पर खर्च अनाज से ज़्यादा हुआ है। 77 प्रतिशत उपभोक्ता हाई-प्रोटीन फूड और 71 प्रतिशत कम या बिना शक्कर वाले उत्पाद पसंद कर रहे हैं। प्रीमियम उत्पादों की हिस्सेदारी बाजार में 27 प्रतिशत है लेकिन वे 42 प्रतिशत की ग्रोथ में योगदान दे रहे हैं।

खाद्यान्न उत्पादन वित्त वर्ष 2025 में 6.8 फीसदी बढ़कर 1,663.9 लाख टन से अधिक रहा

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को घोषणा की कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में 106 लाख टन से अधिक बढ़कर 1,663.91 लाख टन हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.83 प्रतिशत अधिक है।

चौहान ने कॉन्फ्रेंस में कहा, 2023-24 में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 1,557.6 लाख टन था। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2024-25 में यह 1,663.91 लाख टन हो गया है। उन्होंने कहा, 2023-24 में रबी फसल का उत्पादन 1,600.06 लाख टन था, जो अब बढ़कर 1,645.27 लाख टन हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय का लक्ष्य न केवल देश की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना है, बल्कि भारत को विश्व का खाद्यान्न भंडार बनाना भी है। चौहान ने रविवार को नागपुर में आयोजित किसान सम्मेलन कृषि संवाद में देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए एक राष्ट्र, एक कृषि और एक टीम का नारा दिया। चौहान ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलने वाले 15 दिवसीय अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में बताएंगे और खरीफ सीजन के लिए योजना बनाएंगे।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तहत 16,000 कृषि वैज्ञानिक, कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ मिलकर गांवों का दौरा करेंगे और किसानों को नई बीज किस्मों और नई कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों को शिक्षित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार प्रयोगशालाओं और खेतों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राज्य कृषि मंत्रालय, आईसीएआर, कृषि विज्ञान केंद्र और सभी कृषि संस्थानों को एक टीम के रूप में मिलकर काम करना चाहिए। अगर सभी संस्थान आपस में जुड़ जाएं, लक्ष्य तय हो जाएं, रोडमैप बन जाए तो कृषि में चमत्कार हो सकता है।एक और बड़ी घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार स्वच्छ पौधा कार्यक्रम के तहत पुणे में राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला स्थापित करेगी। यह प्रयोगशाला पौधों की मूल प्रजातियों पर शोध करेगी।

एयरटेल और गूगल ने अपने पोस्टपेड और वाई-फाई ग्राहकों को गूगल वन सब्सक्रिप्शन देने साझेदारी की

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल और गूगल ने एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल के ग्राहकों को गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, जो सीमित डिवाइस स्टोरेज की समस्या का सामना कर रहे हैं। एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहक इस पेशकश के तहत छह महीने तक 100 जीबी का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहक यह स्टोरेज पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर सकेंगे। एयरटेल और गूगल की यह साझेदारी उस बढ़ती हुई चुनौती का समाधान करने के उद्देश्य से की गई है, जिसमें उपभोक्ता सीमित स्टोरेज के कारण बार-बार फाइलें डिलीट करने या महंगे फिजिकल स्टोरेज विकल्पों का सहारा लेने को मजबूर होते हैं। इस सुविधा से ग्राहक अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज़ और अन्य डिजिटल सामग्री को बिना किसी झंझट के स्टोर कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त, एंड्रॉइड यूज़र्स के लिए व्हाट्सएप चैट्स का बैकअप भी गूगल अकाउंट स्टोरेज में सुरक्षित रहेगा, जिससे नए डिवाइस में स्थानांतरण आसान हो जाएगा। यह क्लाउड स्टोरेज सुविधा एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी, जिससे एयरटेल के विस्तृत और विविध ग्राहक वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस साझेदारी पर बात करते हुए सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर मार्केटिंग और सीईओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, आज स्मार्टफोन सिर्फ संचार का माध्यम नहीं, बल्कि पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को सुचारू ढंग से मैनेज करने का जरिया बन गए हैं।

20,000+ जिन्दल के कर्मचारी सीमावर्ती गांवों के पुनर्वास के लिए देंगे एक दिन का वेतन

रायपुर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने जहां देश को गौरव से भर दिया, वहीं जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले हजारों नागरिकों को भीषण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बर्बर गोलाबारी में निर्दोष लोगों की जान गई और घर-गांव तबाह हो गए।

ऐसे कठिन समय में जिन्दल स्टील के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद श्री नवीन जिन्दल ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए इन पीड़ित परिवारों के पुनर्वास में सहयोग का संकल्प लिया है।

इस पहल के तहत श्री नवीन जिन्दल ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए

सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस सहयोग में जिन्दल स्टील समूह के 20,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन देना भी शामिल है। यह सहायता एक व्यक्तिगत दायित्व के साथ साथ एक सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य भी है।

श्री जिन्दल ने कहा, ÷सीमा पर रहने वाले हमारे नागरिक भी सैनिकों से कम नहीं हैं। उनका साहस, धैर्य और बलिदान प्रेरणास्पद है। आज जब वे कठिनाई में हैं, तो उनकी सहायता करना हम सभी का नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। हम देशवासियों से अपील करते हैं कि वे भी इस पुनीत कार्य में योगदान दें।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में कई भारतीय गांव प्रभावित हुए, जिससे कई नागरिक विस्थापित हो गए।जिन्दल स्टील का यह योगदान कोई नया उदाहरण नहीं है। इससे पूर्व भी कंपनी ने कोविड-19 संकट के दौरान देशभर में ऑक्सीजन आपूर्ति से लेकर मुफ्त भोजन वितरण तक अनेक राहत कार्य किये थे और पीएम केयर्स फंड में 25 करोड़ रुपये का योगदान दिया था। 2013 की उत्तराखंड आपदा में भी कंपनी ने सहायता की थी। इस तरह जिन्दल स्टील हर संकट में राष्ट्र के साथ खड़ी रही है। श्री नवीन जिन्दल का यह निर्णय न केवल एक आर्थिक सहायता है, बल्कि देश से उनके गहरे प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रमाण भी है। सीमावर्ती क्षेत्रों के हमारे नागरिकों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि संकट की इस घड़ी में देश उनके साथ खड़ा है।

खेल

मुंबई इंडियंस के स्काड में प्लेऑफ से पहले हुए 3 बदलाव, 3 खिलाड़ियों को किया शामिल

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की शुरुआत 17 मई से दोबारा हो गई है. इसके बाद कुछ खिलाड़ी आईपीएल खेलने के लिए भारत नहीं आए और इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी 25 मई के बाद नेशनल ड्यूटी के लिए चले जाएंगे. ऐसे में कई टीमें प्लेऑफ से पहले ही कमजोर हो जाएंगी। इस सब को देखते हुए मुंबई इंडियंस ने एक बड़ा कदम उठाया है. उन्होंने अपने स्क्वाड में 3 नए खिलाड़ियों को शामिल किया है. मुंबई इंडियंस की टीम में तीन नए चेहरे जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलांका को शामिल किया गया है. मुंबई अगर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करता है तो वो प्लेऑफ के लिए उपलब्ध होंगे। आपको बता दें कि, जॉनी बेयरस्टो,

रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलांका ने क्रमशः विल जैक्स, रयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश को रिप्लेस किया है. जैक्स, रिकेल्टन और बॉश मुंबई के आखिरी लीग मैच के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए रवाना हो जाएंगे. ऐसे में अगर मुंबई इंडियंस प्लेऑफ का हिस्सा होती है तो उसके लिए ये तीन नए खिलाड़ी अहम साबित होंगे। रिकेल्टन और बॉश को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल के लिए 15 सदस्यीय दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल किया गया है. वहीं विल जैक्स वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में खेलने के लिए इंग्लैंड वापस जाने के लिए तैयार हैं। इन तीन नए खिलाड़ियों के टी20 आंकड़ों की बात करें तो जॉनी बेयरस्टो और उनके हमवतन रिचर्ड ग्लीसन ने क्रमशः 5000+ रन और 100+ विकेट हासिल किए हैं. इस बीच श्रीलंका के सीमित ओवरों के कप्तान चरिथ असलांका ने 100 से ज्यादा टी20 मैचों में 2,700 से अधिक रन बनाए हैं जिससे खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनकी काबिलियत साबित हुई है।

हर्षल पटेल ने बुमराह-चहल और मलिंगा को पछाड़कर आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 61 वें मैच में तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने अपने नाम बड़ी उपलब्धि हासिल की है. वह सबसे कम मैच में 150 आईपीएल विकेट लेने भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं, जबकि सबसे कम गेंद में 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने इस सूची में लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा है. पटेल ने 19 मई, सोमवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ यह कारनामा अंजाम दिया। पटेल ने खेल के 16वें ओवर में यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने एडेन मार्कराम को 61 रन (38) पर आउट किया. नतीजतन, उन्होंने 2381 गेंदों में आईपीएल में 150 विकेट पूरे किए, जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे तेज है. उन्होंने लसिथ मलिंगा (2444 गेंद) और युजवेंद्र चहल (2543 गेंद) को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर
E-mail ID- res.janjgirchampa.janjgir@gmail.com

//निविदा सूचना //

क्रमांक 991/निविदा/ग्रा.या.सेवा/2025 जांजगीर, दिनांक 15/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि
05/15.05.2025	सरकुर्लर हेचरी सह प्रदर्शन इकाई हेतु कल्चर पोंड़ निर्माण सेमरा, विकासखण्ड नवागढ़ टेण्डर नम्बर 167627	14.48	11000/-
06/15.05.2025	विकासखण्ड नवागढ़ क्षेत्रांतर्गत रु. 25.00 लाख तक लागत के विभिन्न कार्यों का निर्माण (क्षेत्रीय निविदा) टेण्डर नम्बर 168561	40.00	30000/-

नोट :- निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा (परिशिष्ट- 2.10 एवं 2.13) यथा संशोधित एवं अन्य जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 15.05.2025 समय शाम 17:31 से देखी एवं दिनांक 30.05.2025 समय शाम 17:30 तक डाउनलोड की जा सकती है।

(बी.एस. पैकरा)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

जी-252600979/1

फॉल सिलिंग बनी खतरे की घंटी

घूमता आइना-सूरत-ए-हाल : राजधानी में पीएम श्री स्कूलों का हाल बेहाल

क्लॉस रूम की जर्जर फाल सिलिंग और मैदान में मौत का ड्रेनेज, तो कहीं लैब में कबाड़

कई कक्षाओं की फाल सिलिंग जर्जर हो चुकी है, इसमें कई तो पूर्व में गिरी भी चुकी हैं, लेकिन संयोगवश कोई छात्र घायल नहीं हुआ है। हालत ये बयां करने के लिए काफी है कि किस कदर जिम्मेदार लापरवाह हैं।

उद्देश्य से भटकती पीएम श्री योजना, जिम्मेदारों ने डुबाई लुटिया

पीएम श्री स्कूलों में इस सत्र की पढ़ाई-लिखाई कहीं छलावा तो नहीं

पीएम श्री योजना का परवान चढ़ा पाने में नाकाम शिक्षा विभाग

- **पंडित आरडी तिवारी पीएम श्री स्कूल में मूलभूत सुविधाएं जर्जर**
- **स्कूल में एलकेजी से कक्षा 12वीं तक 1155 छात्र**
- **60 शिक्षक हैं**
- **प्रयोगशाला भौतिकी में 3 पद खाली**
- **दो प्यून के पद खाली**
- **प्राइमरी में एक पद शिक्षक का खाली**

मधुकर दुबे

रायपुर/नवप्रदेश। कहते हैं कि दीया तले अंधेरा। जनाब ये राजधानी है, यहां की मूलभूत सुविधाओं के आंकलन से पूरे प्रदेश के विकास की धारणा बनती है। लेकिन विडंबना देखिए जिस राजधानी में तमाम विभागों के प्रमुख सचिव-सचिवों और मंत्रियों का ठिकाना है। ऐसे में पीएम श्री स्कूलों की मॉनिटरिंग नहीं हो पाना चौंकाने वाली है। नवप्रदेश की टीम ने कुछ तस्वीरें ली और स्कूल का निरीक्षण किया है। जो खुद इसकी हालत को बयां करने के लिए काफी है। पीएम श्री योजना के प्रथम चरण में अपग्रेड शहर के आमापारा स्थित पंडित आरडी तिवारी गर्वनमेंट इंगलिश मीडियम में शैक्षणिक कार्य के संसाधन तो हैं लेकिन छात्रों के लिए मूलभूत सुविधाओं की हालत जर्जर है। यहां कई कक्षाओं की फॉल सिलिंग जर्जर हालत हादसे को दावत दे रही हैं। इतना ही नहीं यहां शौचालयों के दरवाजे टूटे हैं। दीवारों में दरारें आ गई हैं। पीने के पानी के लिए आरओ सिस्टम कबाड़ होकर बंद हैं। महानपुरूषों के चित्र उखड़ गए हैं। दरवाजे टूटे हैं। हालत ये है कि स्कूल के दो बोर सूख गए हैं। सिर्फ एक चालू हैं, ऐसे में छात्रों को परेशानी होती है। लैब में संसाधन तो हैं, जो देखने में दुरूस्त नहीं लग रहे थे। स्कूल परिसर की दीवार बस्ती की डैमेज है, जिससे अराजकतत्वों के आने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा चौंकाने वाली बात है कि खेल मैदान के बगल स्कूल की बिल्डिंग से सटे ड्रेनेज खुला हुआ है, जो एक बड़े खतरे को दावत दे रहा है। खेल के मैदान में बालीबाल ग्राउंड डैमेज है। पार्किंग जर्जर और बगल में बजबजाती नाली और गंदगी, जो डेंगू मच्छर के प्रकोप और संक्रामक बीमारियों को दावत दे रही हैं। बरहाल, प्रबंधन का कहना है कि काम हो रहा है, पूरा करा लिया जाएगा। लेकिन सवाल उठता है कि उक्त अव्यवस्था क्या एक दो दिन की है।

बोले प्राचार्य

प्राचार्य राकेश गुप्ता ने बताया कि बजट आ गया है। काम करवा रहे हैं, समस्याओं के लिए अधिकारियों को अवगत कराया गया है। खुले ड्रेनेज आदि चीजों के नगर निगम के अधिकारियों को कहा गया है। सभी समस्याएं सत्र शुरू होने पर दूर कर ली जाएंगी।

आरओ सिस्टम खराब तो ऊपर खतरा

यहां दो बोर सूख चुके हैं, ऐसे में पानी के पानी के लिए दिक्कत है। साथ ही जहां आरओ सिस्टम खराब है तो यहां भी ऊपर जर्जर फाल सिलिंग लटक रही है। आखिर क्या हादसे का इंतजार है।

शौचालय के दरवाजे तक टूटे ? पानी भी नहीं

शौचालय के दरवाजे टूट चुके है। साफ-सफाई नहीं होने से कबाड़ हो गया है। हाथ धोने के लिए बेसिन भी जर्जर व नल खराब हैं। गंदगी और बदबू।

गुणवत्ता पर सवाल, दीवार फटी

स्कूल की कक्षा के बाहर की दीवारें फटी हैं, जाहिर है कि गुणवत्ता के साथ निर्माण में लापरवाही बरती गई होगी।

जर्जर पार्किंग और बगल में बजबजाती नाली

पार्किंग जर्जर है, अब ये कूड़ा और गंदगी की जगह हो गई है। चारो ओर खुली नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। क्या डेंगू मच्छर और संक्रामक बीमारी की सौगात देना चाहते हैं।

गार्डन की टूटी दीवार

प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से अपग्रेड का दावा

भारत सरकार की ओर से पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 211

तृतीय चरण में 52 और चौथे चरण में 78 शालाएं स्वीकृत की गई है। चौथे चरण में शामिल सभी 78 शालाएं कक्षा पहली से 12 वीं तक की हैं। पीएम श्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो कि शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी

अभी इन मूल संसाधनों पर फोकस

प्रथम चरण में पीएम श्री योजना के तहत स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा चुका है। वहीं तृतीय चरण में स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया था शुभारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया था।

प्रत्येक स्कूल को 2-2 करोड़ रुपए देने का प्रावधान

पीएम के तहत प्रति स्कूल दो-दो करोड़ रुपये व्यय कर आदर्श स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप फोकस

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पीएम श्री योजना के अंतर्गत शालाओं को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है।

स्वामी आत्मानंद सरोना स्कूल यहां तो लैब में कबाड़, शिक्षकों की कमी

राजधानी के दूसरे छोर सरोना में स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल है, जो पीएम श्री की योजना में शामिल होने की प्रक्रिया में है। ऐसे में वहां नया भवन भी बन रहा है। लेकिन लगता है कि इस सत्र की पढ़ाई भी पुराने भवन में ही होगी। जो काफी पुराना और जर्जर है। यहां विषयवार शिक्षकों की भारी कमी है। हालत ये है कि यहां लैब में कबाड़ हो गया है। मुख्यमंत्री साइकिल योजना के तहत साइकिल रखी गई है। निरीक्षण में देखने से लगा कि लैब अनुपायोगी हालत मे है। यहां मैदान तो है, लेकिन उसे खेल मैदान के रूप में विकसित नहीं किया जा सका है। इसके अलावा नर्सरी सूखी है। इसके आलावा शौचालय जर्जर है।

फैक्ट फाइल

- हिंदी मीडियम में 219 छात्र
- इंगलिश मीडियम में 240 छात्र
- सामाजिक विज्ञान में एक शिक्षक का पद खाली
- प्राथमिक में दो शिक्षकों का पद खाली
- हिंदी में एक पद खाली
- भूगोल में एक पद खाली
- अर्थशास्त्र में एक पद रिक्त
- विज्ञान सहायक लैब नहीं
- अभी एक ही भवन में हिंदी और इंगलिश मिडियम की लगती हैं कक्षाएं
- हिंदी मीडियम की सुबह साढ़े सात बजे से सवा ग्यारह बजे तक
- इंगलिश मिडियम की कक्षाएं दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक

एक लैब में साइकिल का गोदाम तो दूसरे में कबाड़ संसाधन

बदलते मौसम के बीच 12 दिनों में ही 85% तेंदूपत्ता की तोड़ाई

- **अब तक करीब 76601 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी**

महासमुंद/नवप्रदेश। बदलते मौसम के बीच तेंदूपत्ता की इस साल अच्छी फसल हुई है। ऐसे मौसम के बाद भी 12 दिनों में ही लक्ष्य का 85 प्रतिशत तेंदूपत्ता की तोड़ाई अब तक हो चुकी है। जिस तेजी के साथ तोड़ाई हो रही है अनुमान है कि जल्द ही तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। जिले में 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अब तक मिले आंकड़ों के मुताबिक करीब 76601 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदा जा चुका है। बता दें कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल में निवासरत ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है। मार्च में शाखकर्तन के बाद 6 मई से जिले की 75 समितियों के माध्यम से 786 फड़ों से तेंदूपत्ता का संग्रहण शुरू हुआ। जिसके साथ ही जंगलों में ग्रामीणों की चहल-पहल बढ़ गई। जानकारी के अनुसार इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 91 हजार 300 मानक बोरा रखा गया है, जो गत वर्ष के बराबर है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता तोड़ाई के पूर्व संग्राहकों का सर्वे किया गया। इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य में 94 हजार संग्राहक जुटे हैं। तोड़ाई और संग्रहण कार्य की मॉनिटरिंग के लिए फड़ों में बीट गार्ड, सचिवों की तैनात की गई है। संग्राहकों द्वारा तेंदूपत्ता की तोड़ाई के बाद 50-50 पत्तों का एक बंडल तैयार कर फड़ों में उसे सुखाया जाता है। जिसके लिए धूप की पर्याप्त आवश्यकता है।

यदि पत्तों को पर्याप्त धूप न मिले तो तेंदूपत्ता के सड़ने का डर बना रहता है लेकिन इस बार जब से तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू हुई है तब से मौसम में आए लगातार बदलाव के कारण तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रभावित हुई।

बोरतरा राइस मिल में हुआ हादसा, सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं

बालोद/नवप्रदेश। गुरुर के नजदीक ग्राम बोरतरा में संचालित एक राइस मिल में शनिवार को सुबह करीब 7:53 बजे 35 वर्षीय एक मजदूर योगेश यादव निवासी बोरतरा की लगभग 22 से 25 फीट की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। उक्त मजदूर करीब डेढ़ साल से राइस मिल में काम कर रहा था। जो घटना की सुबह अपने एक साथी मजदूर थानेश्वर उर्फ मोनू पटेल के साथ राइस मिल के ऊपरी हिस्से में लगे पाइप (डोंगा) में फंसे हुए भूसे का गर्दा निकालने के लिए चढ़ा हुआ था। इस दौरान पैर फिसलने से योगेश जमीन पर गिरा। सर के बल गिरने से उसे गंभीर चोट आई। जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना में छानबीन शुरू कर गुरुर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। थाना प्रभारी सुनील तिर्की का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

परिजनों ने राइस मिलर पर लगाया सुरक्षा की अनदेखी का आरोप , उचित मुआवजे की मांग पर नहीं बनी बात : इधर परिजनों ने राइस मिल प्रबंधन पर सुरक्षा की अनदेखी को लेकर सवाल उठाया है। साथ ही उचित मुआवजे की मांग की है। पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा के साथ परिजन, स्थानीय ग्रामीण राइस मिलर रामा अग्रवाल से मुआवजा को लेकर चर्चा भी करने पहुंचे थे। लेकिन मिलर द्वारा मांग के मुताबिक मुआवजा न दिए जाने की बात कही गई। जिसके बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com